उज्जैन
सोमवार
19
जनवरी, 2026
वर्ष-12
अंक-78
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



धनुष-मृणाल जल्द लेंगे सात फेरे दावा-14 फरवरी को प्राइवेट सेरेमनी में होगी शादी, पिछले साल से रिश्ते में हैं दोनों

पेज- 8

## यूएई प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद आज भारत आएंगे, पिछले 10 साल में पांचवां दौरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को एक दिन के दौरे पर भारत आएंगे।



इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत होगी। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका तीसरा और पिछले दस सालों में पांचवां भारत दौरा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस दौरान व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। एमईए ने बताया कि दोनों नेता मिडिल-ईस्ट के मौजूदा हालात पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई है।

## महाराष्ट्र के भिवंडी में बीजेपी-पूर्व मेयर के समर्थकों में झड़प

**ठाणे।** महाराष्ट्र के भिवंडी में रविवार को नगर निगम चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा और कोणार्क विकास आघाड़ी के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। विवाद छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के पास हुआ। दोनों पक्षों के बीच पथराव भी हुआ। पुलिस के मुताबिक, झड़प बीजेपी विधायक महेश चौघुले और केवीए नेता और पूर्व मेयर विलास पाटिल के समर्थकों के बीच हुई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर किया। डीसीपी जोन-2 शशिकांत बोराटे ने बताया कि दो नेताओं के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस ने हस्तक्षेप कर भीड़ को हटाया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है।

## सजा से पहले जमानत अधिकार है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में अदालत की जिम्मेदारी सर्वोपरि

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि दोष सिद्ध होने से पहले



जमानत नागरिक का अधिकार है, क्योंकि भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली की बुनियाद इस सिद्धांत पर टिकी है कि जब तक अपराध सिद्ध न हो, व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में अदालतों पर अतिरिक्त सतर्कता और गहन जांच की जिम्मेदारी होती है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में के दौरान वरिष्ठ पत्रकार वीर सांघवी के सवाल का जवाब देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह टिप्पणी की।

## सेंसेक्स 300 अंक गिरकर 83,250 के स्तर पर आया

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई है। ग्लोबल मार्केट से मिल रहे खराब संकेतों के बीच घरेलू बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में खुले। शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 300 अंक गिरकर 83,250 के स्तर के पास आ गया। वहीं निफ्टी 50 भी 100 अंकों से ज्यादा टूटकर 25,600 के नीचे फिसल गया। गिफ्ट निफ्टी में सुबह से ही 150 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखी जा रही थी, जिसका असर दलाल स्ट्रीट पर भी दिखा। बाजार में इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वो बयान है, जिसमें उन्होंने यूरोपीय देशों पर भारी टैक्स (टैरिफ) लगाने की चेतावनी दी है।

### जम्मू-कश्मीर : किश्तवाड़ के सोनार में ऑपरेशन त्राशी-1 जारी

# आतंकी मुठभेड़ में 8 जवान घायल, 3 एयरलिफ्ट किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में रविवार दोपहर आतंकी मुठभेड़ में सेना के 8 जवान घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक 3 जवानों को एयरलिफ्ट करके इलाज के लिए उधमपुर आर्मी बेस अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना किश्तवाड़ के ऊपरी जंगली इलाके सोनार की है। यहां सेना की व्हाइट नाइट कोर का आतंकियों के खिलाफ



ऑपरेशन त्राशी-1 जारी है। इसी दौरान आतंकियों से जवानों की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से फायरिंग की गई। 2-3 आतंकियों को जवानों ने घेर लिया था। तभी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। अधिकारियों ने कहा है कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक आतंकियों की तलाश अभी भी जारी है। इलाके पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। स्निफर डॉग्स की भी मदद ली गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ सर्चिंग में जुटी है।

## राजौरी में एलओसी के पास संदिग्ध हलचल, शऊळ ने फायरिंग की

राजौरी जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास नौशेरा के कलाल गांव में एक विलेज डिफेंस कमेटी मेंबर को अपने घर के पास संदिग्ध हलचल दिखी, जिसके बाद उसने सावधानी के तौर पर हवा में कुछ गोलियां चलाईं।

### टीम इंडिया के खिलाड़ी

## रेड्डी ने महाकाल दर्शन किए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत-न्यूजीलैंड मैच के लिए इंदौर आए भारतीय टीम के खिलाड़ी नितेश कुमार रेड्डी सोमवार तड़के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। सुबह करीब चार बजे वे मंदिर पहुंचे और भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को हुए मुकाबले के बाद सोमवार सुबह नितेश कुमार रेड्डी ने नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में सहभागिता की। आरती के दौरान वे पूरे मनोयोग से भगवान महाकाल की आराधना में लीन नजर आए। भस्म आरती के बाद रेड्डी ने देहरी से विधिवत पूजन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर आकर उन्हें बहुत अच्छा अनुभव हुआ है।

## पीएम मोदी को गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा के 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में वर के एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। इसके साथ ही पाकिस्तान को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। पाकिस्तान सरकार ने रविवार को इसे कंफर्म किया। दरअसल गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया गया है।

### स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर

## 21 लोगों की मौत, 73 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैड्रिड

स्पेन के कॉर्डोबा प्रांत में रविवार रात एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 73 यात्री घायल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन पटरी से उतरकर पास की लाइन पर चली गई और वहां मैड्रिड-हुएलवा रूट पर चल रही अश्ए ट्रेन से टकरा गई।

स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो सैंज ने बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है और घायलों को छह अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्रॉडकास्टर के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया।

### सिंहस्थ 2028 को देखते हुए शिप्रा नदी को भी


# निरंतर प्रवाह बनाने के लिए योजना में शामिल करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए शिप्रा नदी को भी अविरल और निरंतर प्रवाह बनाने के लिए योजना में शामिल करने की मांग प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से किया है। इसके साथ ही 9691.66 करोड़ की 13 सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं को भी समझौते में शामिल करने के लिए जल शक्ति विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय से अनुरोध किया गया है।

सिंहस्थ के लिए 29 किलोमीटर लंबे घाट का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लागत 779 करोड़ रुपये है। नौ किलोमीटर लंबे घाटों का 120 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन भी किया जाना है। सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं को स्नान के लिए शिप्रा का जल मिले, इसके लिए सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के तहत बांध बनाया जा रहा है। इसमें वर्षा के पानी को इकट्ठा किया जाएगा और फिर नदी में छोड़ा जाएगा।

पार्वती-कालीसिंध-चंबल



(पीकेसी) राष्ट्रीय परियोजना की डीपीआर को सरकार ने रिवाइज किया है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश और राजस्थान की पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना में शिप्रा के घाट भी शामिल किए जा सकते हैं। रिवाइज्ड डीपीआर का फायदा भोपाल, इंदौर, उज्जैन विदिशा सहित 16 जिलों को होगा। इन जिलों में सिंचाई, उद्योग और लोगों को पीने का पानी मिलेगा। रिवाइज्ड डीपीआर के बाद परियोजना की लागत 75 हजार से बढ़कर 85 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी।

- इसमें मप्र और राजस्थान सरकार का अंश 10 प्रतिशत और केंद्र सरकार का 90 प्रतिशत होगा। इस परियोजना में दोनों राज्यों के बीच एमओयू हो चुका है। डीपीआर तैयार होने के बाद दोनों राज्यों के बीच में पानी के लेन-देन की शर्तों पर समझौता होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि शिप्रा भी चंबल की सहायक नदी है, जो मंदसौर जिले में आलोट के पास शिपावरा चंबल में मिलती है। 2028 में सिंहस्थ होना है, जिसमें देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए 29 किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण किया जा रहा है। नौ किलोमीटर लंबे घाटों के उन्नयन की भी योजना है।
- सेवरखेडी-सिलारखेड़ी परियोजना पर भी काम शुरू कर दिया गया है। इसमें वर्षा के पानी को एकत्र करके शिप्रा में छोड़ा जाएगा। ताकि श्रद्धालु सिंहस्थ में शिप्रा के जल से ही स्नान कर सकें। पीकेसी राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना है, जिसका हिस्सा इन दोनों योजनाओं को बनाया जाता है. तो केंद्र सरकार से बड़ी आर्थिक सहायता मिल जाएगी।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
**हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर**
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### 29 बस के फिटनेस निरस्त किए और 22 के परमिट निलंबित



**उज्जैन।** परिवहन विभाग द्वारा यात्री स्लीपर बसों की चैकिंग जारी है। इसी कड़ी में रविवार को भी टीम ने आरटीओ संतोष मालवीय के नेतृत्व में विभिन्न चौराहों व मार्गों पर 192 बसों को चैक किया। लापरवाही पाई जाने पर 18 बस के पंजीयन निलंबित किए गए। 29 बस के फिटनेस निरस्त व 22 बस के परमिट निलंबन की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 8 बस संचालकों से दो लाख 80 हजार जुर्माना वसूला गया और 6 वाहन जब्त भी किए गए। स्टेनो अजय पांडे ने बताया कि दिनभर चली चैकिंग में नरेंद्र ढंडेरवाल आदि मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर आज पुष्पांजलि

**उज्जैन।** महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि सोमवार को मनाई जाएगी। चामुंडा माता चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। अभा क्षत्रिय महासभा के प्रमुख सदस्य अनिल सिंह चंदेल और हरदयाल सिंह ठाकुर ने देशभक्तों से पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है। आयोजन में महाराणा प्रताप की देशभक्ति और उनके योगदान का स्मरण किया जाएगा।

### वार्ड क्र. 36 में रोड और नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**उज्जैन।** वार्ड 36 शिवाजी नगर में नगर निगम द्वारा 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में एमआईसी सदस्य दुर्गा चौधरी, महामंत्री कमलेश बैरवा, कपिल टॉक और पंकज मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। शिवाजी नगर से लेकर हनुमान नाके तक सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पानी भरने की समस्या से निजात मिलेगा एवं क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर अशोक वर्मा, राजेश मुठेल, सुमित मुठेल, हिमांशु तिवारी सहित रहवासी मौजूद रहे।

# सिंहस्थ की तैयारी : 45 मीटर चौड़ी हो जाएगा इंदौर रोड




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन को इंदौर से जोड़ने वाली पहली सिक्स लेन सड़क इसी साल के अंत तक मिलने की उम्मीद है। 45 मीटर चौड़ी यह सड़क हरिफाटक ब्रिज से शुरू होकर अरबिंदो अस्पताल, इंदौर तक जाएगी। 1692 करोड़ रुपए की लागत से बन रही 46 किमी लंबी सिक्स लेन का 45% काम पूरा हो चुका है। अब तक 8 किमी मार्ग तैयार कर उस पर डामरीकरण भी किया जा चुका है। अलग-अलग स्थानों पर 8 फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं।

एमपीआरडीसी के अनुसार काम की गति बढ़ा दी गई है और दिसंबर 2026 तक प्रोजेक्ट पूरा करने का लक्ष्य है। सिक्स लेन बनने से उज्जैन-इंदौर का सफर 40-45 मिनट में पूरा होगा, जबकि अभी इसमें एक से सवा घंटा लगता है। इससे उज्जैन की कनेक्टिविटी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

**ये होंगे बड़े फायदे :** सिक्स लेन से उज्जैन-इंदौर मार्ग के 29 गांव जुड़ेंगे, जिनमें 20 इंदौर और 9 उज्जैन जिले के हैं। व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जमीनों के दाम बढ़ेंगे। सड़क पर डिवाइडर, दोनों ओर सर्विस रोड और 70 बॉक्स कल्वर्ट बनाए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 में यातायात सुगम होगा।

## यातायात जागरूकता के लिये साइकिल मैराथन का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह अभियान में रविवार को कोठी रोड पर साइकिल मैराथन का यातायात पुलिस द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें शहर के नागरिकों, साइकिल चालकों, युवाओं और बोहरा समाज के लोगों ने भागीदारी की। मैराथन में यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार के साथ थाना प्रभारी खेमराज पहाडिया मौजूद रहे। मैराथन के दौरान यातायात पुलिस अधिकारियों द्वारा हेलमेट का उपयोग, यातायात संकेतों का पालन, लेन अनुशासन, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और गाडी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की समझाइश दी। मैराथन में शामिल सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन और सुरक्षित यातायात को अपनाने की शपथ ली। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये जन सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित कर नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## मोपेड से घर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मोपेड से घर लौट रहा युवक रास्ते में चौपाटी पर रूक गया, उसी दौरान पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर मौत हो गई। काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं आई तो ग्रामीण आक्रोशित हो गये। घट्टिया थाना क्षेत्र के नजरपुर में रहने वाला रवि पिता अनिल ठाकुर यात्री बस पर कंडेक्टरी का काम करता था। शनिवार-रविवार रात वह 11 बजे उज्जैन में बस खड़ी करने के बाद अपनी मोपेड से घर लौट रहा था। गांव पहुंचने पर वह नजरपुर चौपाटी पर रूक गया उसी दौरान पीछे से आये अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। रवि गंभीर घायल हो गया, उसे अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले मौके पर मौत हो गई।

### महाकाल महोत्सव- 5वें दिन दिखा कला और संस्कृति का संगम

# जनजातीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित 'श्री महाकाल महोत्सव' के पांचवें दिन रविवार को कला, लोकसंस्कृति और शिवभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिनभर चली विविध प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को भारतीय जनजातीय परंपराओं तथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों से परिचित कराया।

पंचम दिवस की शुरूआत 'कला यात्रा' से हुई। इसमें उज्जैन की पल्लवी किशन और उनके साथियों ने आकर्षक 'गणगौर लोकनृत्य' प्रस्तुत किया। यह यात्रा गणगौर दरवाजा से शुरू होकर कार्तिक चौक (सवारी मार्ग) और गुदरी चौराहा होते हुए श्री महाकाल लोक में



समाप्त हुई। पारंपरिक वेशभूषा, लोकसंगीत और लयबद्ध नृत्य ने मार्ग में उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महाकाल लोक में जनजातीय लोककलाओं की सजीव झलक देखने को मिली। हरदा से आए मंशाराम और उनके साथियों ने कोरकू जनजातीय 'थापटी नृत्य' प्रस्तुत किया। उज्जैन की विनती जैन और उनके साथियों ने 'मटकी नृत्य' से दर्शकों को आकर्षित किया। सीधी से आए दानबहादुर घासी और उनके दल ने घासी जनजातीय 'घसियाबाजा' की प्रस्तुति दी।

बड़ौदा के विजयभाई राठवा और उनके साथियों ने राठवा जनजातीय 'होली नृत्य' प्रस्तुत किया, जिसने उत्सव का रंग और गहरा कर दिया। शाम 7 बजे श्री महाकाल महालोक के प्रांगण में भगवान शिव पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां हुईं। इंडोनेशिया से आए श्री कोकोरदा पुत्रा और उनके साथियों ने तथा श्रीलंका से पधारे अरियारन्ने कालूराच्ची और उनके दल ने शिव-केंद्रित नृत्य-नाट्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं।

## एग्जाम स्पेशल



Exam special by : Rahul Shukla
( Educator n Motivator Guru )

फरवरी माह में आयोजित स्टेट बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षको व शिक्षाविदों द्वारा महत्वपूर्ण टिप्स आपके लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक ब्रह्मास्त्र द्वारा अपने पाठको के लिए एक नायाब तोहफे के रूप में दिए जा रहे हैं। आज के अंक मे रसायनशास्त्र के वरिष्ठ रसायनशास्त्री डॉ. योगेन्द्र कोठारी के टिप्स क्लास 12 के विद्यार्थियों के लिए:

**रसायन विज्ञान की तैयारी कैसे करें-**
माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा का आयोजन माह फरवरी में किया जा रहा है, विज्ञान संकाय के कक्षा 12के विद्यार्थियों के लिए रसायन विज्ञान की तैयारी के लिए कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं।

सबसे पहले हम प्रश्न पत्र के पेटर्न पर बात करेंगे चर्चा करते हुए रसायन विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र कुमार कोठारी ने बताया कि रसायन विज्ञान का सैद्धांतिक प्रश्नपत्र 70 अंक का है, जिसमें 28 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र आयेंगे, जिसमें सही विकल्प चुनिए, सही जोड़ी बनाइए, रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए, सत्य/असत्य लिखिए और एक शब्द में उत्तर दीजिए। इस प्रकार 5 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।

इसके बाद 2 अंक के 7 लघु उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे जो कुल 14 अंक के होंगे, 3 अंक के 4 प्रश्न पूछे जाने हैं जिनकी शब्द सीमा 75 शब्द रहेगी, इस प्रकार कुल 12 अंक के ये प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी प्रकार 4 अंक के 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रत्येक की शब्द सीमा 120 शब्द रहेगी यानी कुल 16 अंक के ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे।

**अब बात करते है कि विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कैसे करें**

सबसे पहले वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए एनसीईआरटी की केमिस्ट्री की बुक को अच्छे से पढ़ने की जरूरत है।

इसमें जो बोल्ड लाइन है या जो बॉक्स के अंदर मैटर दिए गए हैं उनको ध्यान पूर्वक पढ़ना चाहिए और अपने टीचर से समस्या समाधान करें। एनसीईआरटी की केमिस्ट्री के प्रत्येक इकाई के अंतर्गत उदाहरण के प्रश्न, इंटेक्स प्रश्न को विशेष रूप से पढ़ना और समझना चाहिए।

रसायनविज्ञान में कार्बनिक रसायन की इकाईयां जैसे हैलो एल्केन, हैलो एरोन, ऐल्कोहॉल फिनोल, ईथर, एल्डिहाइड और कीटोन, कार्बोक्सिलिक अम्ल तथा नाइट्रोजन युक्त कार्बनिक यौगिक की अभिक्रियाएं एवं समीकरण लिख कर याद करें, इसमें रीजनिंग प्रश्न भी पढ़े।

अकार्बनिक रसायन विज्ञान की इकाईयां जैसे डी एवं एफ ब्लॉक के तत्व और उपहासंयोजी रसायन के पाठ्यांश को समझे तथा कारण सहित उत्तर याद करें। भौतिक रसायन की इकाईयां जैसे विलयन, विद्युत रसायन तथा रासायनिक बालगीतिकी में नियम, सिद्धांत एवं गणितीय व्यंजक सूत्र, मापन इकाईयां को लिखकर समझे तथा आंकिक प्रश्न हल करे, रेखा चित्र बनाएं। जैव रसायन इकाई को बार बार पढ़े। केमिस्ट्री को रटने की बजाय समझे तथा लिखकर याद करे, समय समय पर रिवीजन भी करे, सरल इकाई से कठिन की और बढ़े, इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा इस प्रकार आप रसायन विज्ञान में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं और अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर बना सकते हैं।

डॉ. कोठारी ने अपनी यू-ट्यूब चैनल (@Yogendra Kothari) पर रसायन विज्ञान के 700 से अधिक वीडियो है, जो विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है तथा सरल तरीके से टॉपिक्स समझाए गए है, जिसमें रसायन विज्ञान की विभिन्न इकाईयों की पाठ्य सामग्री है।



उज्जैन
सोमवार
19
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

द्वादशमंजरिकाभिरशेषः कथितो वैयाकरणस्यैषः।
उपदेशोऽभूद्विद्यानिपुणैः, श्रीमच्छंकरभगवच्चरणैः॥

**अर्थः** बारह गीतों का ये पुष्पहार, सर्वज्ञ प्रभुपाद श्री शंकराचार्य द्वारा एक वैयाकरण को प्रदान किया गया।

## खबर एक नजर...

### 31 मार्च तक वाहन कर बकाया पर 90% छूट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए मोटरयान कर और पेनल्टी के बकाया भुगतान पर 90% तक की छूट दी है। यह छूट मध्य प्रदेश शासन, परिवहन विभाग की अधिसूचना 12 अगस्त 2025 के तहत दी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मोटरयान कर बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे इस एकमुश्त जमा योजना का लाभ उठाकर बकायादारों की सूची से नाम हटवाएं और स्क्रैपिंग के बाद नया वाहन खरीदने पर दोहरा लाभ प्राप्त करें। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से उन वाहन मालिकों के लिए फायदेमंद है, जिन पर लंबे समय से मोटरयान कर बकाया चला आ रहा है। योजना के माध्यम से न केवल भारी छूट मिल रही है, बल्कि पुराने और अनुपयोगी वाहनों से भी छुटकारा पाया जा सकता है। कई वाहन स्वामी इस योजना का लाभ लेना शुरू कर चुके हैं। ऐसे सभी वाहन मालिक, जिनके वाहनों पर मोटरयान कर या शास्ति बकाया है, वे समय-सीमा के अंदर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### स्टोर से चोरी करता मिला गार्ड, स्टॉक चेक करने पर देखे सीसीटीवी तब हुआ खुलासा

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर क्षेत्र में एक स्टोर से लगातार माल कम होने का मामला सामने आया है। स्टॉक में कमी पाए जाने पर जब प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। चोरी किसी बाहर के व्यक्ति ने नहीं, बल्कि स्टोर में तैनात गार्ड ने ही की थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गार्ड से पूछताछ की गई, जिसके बाद तिलक नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दीपक सनोटिया निवासी विजयनगर की शिकायत पर पवन गाडगे निवासी मयूर नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। शिकायतकर्ता दीपक सनोटिया ने बताया कि वे जानसन लिफ्ट ग्लोबल पैराडाइज कंपनी, रिंग रोड में संचालित सिक्योरिटी एजेंसी का पूरा काम देखते हैं, जो कंपनी को सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराती है। 15 जनवरी को कंपनी में माल कम नजर आने पर मैनेजर द्वारा मटेरियल का ऑडिट कराया गया। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो गार्ड पवन गाडगे स्टोर से सामान चोरी करते हुए दिखाई दिया। आरोप है कि गार्ड ने यहां से फिलर वेट लीड, वेट फोर लोड टेस्ट, फिलर वेट, ब्रेक क्वाइल, ट्रांसफार्मर, व्हील शाफ्ट और आरआर क्वाइल चुराई। ड्यूटी के दौरान वह सामान बाहर रख देता था और बाद में उसे उठाकर ले जाता था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने चोरी का सामान अन्य लोगों को बेच दिया है।

### ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों के कांच फोड़कर 42 बॉक्स चोरी

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने खड़ी गाड़ियों के कांच फोड़कर उनमें रखे बक्से चुरा लिए। पुलिस ने इस मामले में भी एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक रवि कुमार ठाकुर निवासी सिंगापुर टाउनशिप ने शिकायत दर्ज कराई है। रवि कुमार ट्रांसपोर्ट का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात एक पिकअप और टाटा एस गाड़ी माल से भरी हुई लोहामंडी स्थित सनातन हाउस के सामने खड़ी की गई थी। शनिवार सुबह जब ड्राइवर जयप्रकाश गाड़ी देखने पहुंचा, तो बोलेरो वाहन के कांच टूटे हुए मिले। गाड़ियों के अंदर रखे करीब 42 बॉक्स गायब थे। यह माल स्मार्क टाइम लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड और तनिष्क ट्रांसपोर्ट पर पहुंचाया जाना था।

# इंदौर के नए ग्रीन लंग्स : रमना बिजासन, टीसीएस कैंपस, रालामंडल में विकसित करेंगे 4 नए नगर वन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच इंदौर को हरियाली से संतुलित रखने के लिए वन विभाग ने बड़ा प्लान तैयार किया है। केंद्र सरकार की नगर वन योजना के तहत वर्ष 2026-27 में इंदौर में चार नए नगर वन विकसित किए जाएंगे। ये नगर वन शहर के लिए ग्रीन लंग्स का काम करेंगे और नागरिकों को स्वच्छ हवा, शांत वातावरण और प्रकृति से सीधा जुड़ाव प्रदान करेंगे।

वन विभाग ने चारों स्थलों की पहचान कर ली है और इनके लिए थीम आधारित प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें भोपाल स्थित वन भवन के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इन नगर वनों के विकसित होने के बाद इंदौर शहरी जंगलों के मामले में देश के अग्रणी शहरों में शामिल हो जाएगा।



**औषधीय पौधे, वॉकिंग ट्रैक और प्रकृति अध्ययन से जुड़ी सुविधाएं-** रमना बिजासन क्षेत्र में दो नगर वन बनाए जाएंगे। इनमें एक नगर वन 35 हेक्टेयर और दूसरा 15 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। यह क्षेत्र पहले से ही हरियाली के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां नगर वन विकसित होने से आसपास के रहवासी इलाकों को बड़ा पर्यावरणीय लाभ मिलेगा।

**खासियत :** इन नगर वनों में स्थानीय वृक्ष प्रजातियां, औषधीय पौधे, वॉकिंग ट्रैक और प्रकृति अध्ययन से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### वन्य जीवों और पक्षियों के लिए सहायक क्षेत्र बनेगा

- पर्यटन व जैव विविधता से महत्वपूर्ण रालामंडल क्षेत्र से सटे 15 हेक्टेयर में भी नगर वन विकसित किया जाएगा। यह नगर वन रालामंडल अभयारण्य के ग्रीन कवर को और मजबूत करेगा। वन्य जीवों और पक्षियों के लिए सहायक क्षेत्र के रूप में काम करेगा।
- खासियत : घने पेड़ शहर के लिए ऑक्सीजन जोन की तरह काम करेंगे। एक नए पर्यटन क्षेत्र का विकास होगा।

### कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सुकून मिलेगा

- आईटी हब के रूप में विकसित हो रहे क्षेत्र में टीसीएस कैंपस के पास 20 हेक्टेयर में नगर वन प्रस्तावित है। यह नगर वन खास तौर पर शहरी कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए तनावमुक्त वातावरण मिलेगा।
- **खासियत** : नेचर ट्रेल, ओपन ग्रीन स्पेस, बर्ड वॉचिंग पॉइंट और बैठने के स्थान विकसित किए जाने की योजना है।

### हवा व सेहत दोनों सुधरेगी

बढ़ते कांक्रीट के बीच ये जंगल तापमान संतुलन, वायु शुद्धता में अहम भूमिका निभाएंगे। इन चारों नगर वनों के विकसित होने से इंदौर में ग्रीन कवर बढ़ेगा, शोर और प्रदूषण कम होगा। नागरिकों को शहर के भीतर ही प्राकृतिक वातावरण मिलेगा।- **प्रदीप मिश्रा, डीएफओ**

### इंदौर में दूषित पानी से 50 से अधिक मौतों का दावा

# कार्यकर्ता बोला- श्मशान से रिकॉर्ड गायब

### राहुल गांधी ने पीड़ितों से बातचीत का वीडियो शेयर किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से पीड़ित परिवारों से बातचीत का वीडियो रविवार को अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया। इसमें एक कार्यकर्ता ने दावा किया कि दूषित पानी से 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं।

वहीं, पीड़ित परिजन ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मौतों की सही संख्या छिपाईं। कई शव रातों-रात गांव भेज दिए गए और श्मशान के रिकॉर्ड तक गायब कर दिए गए।



दरअसल, इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। राहुल गांधी शनिवार को इंदौर के भागीरथपुरा पहुंचे थे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की थी।

वीडियो में परिवारों ने बताया कि पानी की समस्या 22 दिसंबर से शुरू हुई थी और कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए। जीवन लाल बरेडे. और मीराबाई के परिवारों ने कहा कि बुजुर्ग और अन्य सदस्य बीमार पड़े, कुछ की मौत हो गई, लेकिन मुआवजा अपर्याप्त और प्रशासन की प्रतिक्रिया ढीली रही।

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अफसरों की लापरवाही और नर्मदा लाइन कनेक्शन के लिए ली गई रकम के बावजूद पानी की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। कई परिवारों ने कहा कि आयुक्त का तबादला कर जवाबदेही खत्म कर दी गई। राहुल गांधी ने प्रभावित परिवारों की बातें सुनीं और कहा कि उनकी लड़ाई को उजागर किया जाएगा ताकि आगे किसी और परिवार के साथ ऐसा न हो।

**पहले सरकार ने कहा था 4 मौतें, फिर 15 मौतें मानीं-** भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 24 लोगों की मौत हुई है। इस मामले में पहले प्रशासन की ओर से चार लोगों के मरने की पुष्टि की गई थी। इसके बाद 6 लोगों की मौत बताई गई। फिर हाईकोर्ट ने सरकार से डेथ ऑडिट रिपोर्ट मांगी। सरकार ने 15 जनवरी को रिपोर्ट पेश की। इसमें सरकार ने कहा था कि 21 लोगों की मौत रिपोर्ट की गई है, इनमें से 15 लोगों की मौत दूषित पानी से हुई है, बाकी 6 लोगों की मौत अन्य कारणों से हुई है।

# सैंपल की प्रारंभिक रिपोर्ट आई नॉर्मल

### आईसीयू में एडमिट मरीजों की संख्या 6

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा हादसे में अब स्थिति में सुधार है और नए मरीजों के एडमिट होने का सिलसिला थमा है। रविवार को डायरिया के दो मरीज आए, लेकिन उन्हें एडमिट करने की जरूरत नहीं पड़ी। शनिवार को एडमिट मरीजों की संख्या 16 थी जिसमें से एक को डिस्चार्ज किया गया है। इनमें से 9 वार्ड में हैं, जबकि 6 आईसीयू में हैं। इनमें से भी 3 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। अब तक 447 मरीज एडमिट हो चुके हैं, जिनमें से 432 डिस्चार्ज हो चुके हैं। मामले में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।

रविवार दोपहर 30% क्षेत्र में कुछ देर के लिए पानी सप्लाय किया गया। इस दौरान चार सैंपल भी लिए गए। इसके पूर्व 13 जनवरी को भी पानी सप्लाय के दौरान 10 सैंपल टेस्ट किए गए थे। इनकी प्रारंभिक रिपोर्ट में सारे सैंपल नॉर्मल पाए गए। हालांकि अभी लोग पानी का उपयोग नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रहवासियों को लगातार सलाह दी जा रही है कि वे पानी उबालकर पिएं।

# रेलिंग से बनाई जा सकती है अस्थायी डिवाइडर, महापौर ने भी दी सहमति

### बीआरटीएस मामले में हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के बीआरटीएस को लेकर चल रही उठापटक अभी खत्म नहीं हुई है। ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है। इधर, जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बीआरटीएस की रेलिंग से ही रोड के बीच में अस्थायी डिवाइडर बनाने का सुझाव दिया है। जिस पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी सहमति जताई है। इधर, बीआरटीएस मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई भी होना है।



इस सुनवाई में इंदौर नगर निगम के साथ-साथ बीआरटीएस की रेलिंग हटाने वाले ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग को भी तलब किया है। बीआरटीएस रेलिंग और बस स्टॉप हटाने वाले ठेकेदार ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर आगे कोई भी काम करने से मना कर दिया है। इसके चलते बीआरटीएस की रेलिंग, बस स्टॉप और बीम तोड़ने की जिम्मेदारी नगर निगम पर आ गई है।

बता दें, हाईकोर्ट की फटकार के बाद नगर निगम ने बीआरटीएस के रेलिंग को हटाने का शुरू करवाया था, लेकिन अब ठेकेदार के काम को मना करने से नगर निगम की परेशानी बढ़ती दिखाई दे रही है। वहीं, इससे जुड़े जनप्रतिनिधि का कहना है कि सुनवाई के बाद बीआरटीएस बाकी बचे काम को पूरा करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

दरअसल, बीआरटीएस की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से हटा दी गई है, जबकि दूसरी तरफ की रेलिंग अभी भी लगी हुई है, कई जगह बीच में बस स्टॉप भी है, ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित ना हो इसके लिए नगर निगम ने बस स्टॉप के सामने की रेलिंग निकलवाने की कार्रवाई शुरू की है।

साथ ही पुरानी रेलिंग से अस्थायी डिवाइडर बनाने की भी विचार किया जा रहा है। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि हाल ही में हुई एमआईसी की मीटिंग की बीआरटीएस की पुरानी रेलिंग से अस्थायी डिवाइडर बनाने का सुझाव दिया था। इस सुझाव को महापौर के सामने भी रखा गया, उन्होंने इस पर सहमति जताई है। इधर, बीआरटीएस के काम के आगे की रूपरेखा सुनवाई के बाद तय की जाएगी। बीआरटीएस की रेलिंग हटाने वाले ठेकेदार ने निगमायुक्त से चर्चा कर निगम की रेलिंग और अन्य सामग्री का वेल्यूएशन जरूरत से ज्यादा करने की बात कही थी, जिससे यह ठेका उसके लिए घाटे का सौदा बन गया है। ऐसे में ठेकेदार ने इसका काम बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि बीआरटीएस के सेंट्रल डिवाइडर से जुड़े एक टेंडर को रोक दिया है, क्योंकि यह जानकारी सामने आई है कि पीडब्ल्यूडी एलिवेटेड कॉरिडोर के साथ उसी हिस्से में सेंट्रल डिवाइडर बनाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस विषय पर चर्चा के लिए भी आएंगे।

## खबर एक नजर...

### 21 जनवरी को मनाया जाएगा शहीद हेमू कॉलोनी का बलिदान दिवस

**उज्जैन।** अमर शहीद हेमू कलानी विचार मंच द्वारा 21 जनवरी को शहीद हेमू कॉलोनी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा।

मंच के संयोजक सुनील नवलानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहीद की प्रतिमा पर 21 जनवरी प्रातः 9 बजे सिंधी कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें माल्यार्पण कर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। वहीं शहीद दिवस के एक दिन पूर्व 20 जनवरी को महाकाल मार्ग स्थित अपंग आश्रम में आश्रम वासियों को दूध, फल, बिस्किट वितरण किए जाएंगे। दोनों आयोजनों में सभी देशभक्तों की उपस्थिति गरिमा प्रदान करेगी।

### पारंपरिक खेल गुल्ली डंडा, अंटी खेल, शितोलिया, रस्सी कूद होंगे



**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल 3233 जी 2 का टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट एवं पारंपरिक खेल गुल्ली डंडा, अंटी खेल, शितोलिया, रस्सी कूद आदि आज माधव क्लब टर्फ ग्राउंड पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चेयरपर्सन स्पोर्ट लायन ऋषिराज अरोड़ा के मार्गदर्शन में एवं रीजन चेयरपर्सन लायन डॉक्टर सत्येंद्र शर्मा एवं एम जे एफ लायन प्रदीप यादव के नेतृत्व में संयुक्त रूप से कार्यक्रम संयोजक लायन विनोद लुल्ला एवं लायन आशु नागर के संयुक्त प्रयास से दोपहर 11 से शाम 7 बजे तक खेला जाएगा। डिस्ट्रिक्ट मार्केटिंग पीआरओ लायन दीपक राजवानी ने बताया कि टूर्नामेंट में विशेष तौर पर गीत संगीत नृत्य आदि का भी आयोजन किया गया है। विजेता प्रतियोगी को पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। समस्त लायन लीडर एवं झोन चेयरपर्सन, अध्यक्ष, सचिव एवं स्पोर्ट्स में पार्टिसिपेट करने वालों से आग्रह किया की समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट क्रिकेट एवं पारंपरिक खेलों का इतिहास रचे।

# ध्वज वंदन के साथ शताब्दी समारोह का भव्य शुभारंभ

### उज्जैन सहित मध्य प्रदेश से 4 हजार से अधिक परिजन पहुंचे

### माताजी का जीवन त्याग, तप और साधना की अनुपम गाथा : पुष्कर सिंह धामी

### कुछ हम बदलें, कुछ तुम बदलो, तभी यह जमाना बदलेगा : डॉ. चिन्मय पण्ड्या

### विश्व की महान सभ्यताओं का निर्माण सामूहिक चरित्र निर्माण से: गजेन्द्र सिंह शेखावत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजा दक्ष की नगरी कनखल के वैरागी द्वीप की भूमि पर जब शताब्दी ध्वज लहराया, तो मानो एक युग ने अपने गौरवशाली अतीत को नमन करते हुए नवसंकल्प लिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी व अखण्ड दीपक के शताब्दी समारोह का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ श्रद्धामय वातावरण में हुआ। यह आयोजन 23 जनवरी तक चलेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह शताब्दी समारोह माताजी के तपस्वी जीवन, निःस्वार्थ सेवा और अखंड साधना के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का साक्षात भावात्मक अभिव्यक्ति है। माताजी का संपूर्ण जीवन त्याग, बलिदान और साधना की वह ज्योति है, जिसने असंख्य जीवनों को सही दिशा और नई दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार को किसी एक संगठन की सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता, यह उस युग चेतना का वह प्रवाह है, जो व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के उत्थान की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक चेतना का स्मरण करते हुए कहा कि गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और आदि कैलाश जैसे तीर्थस्थल भारत की आत्मा की धड़कन हैं। ऐसे पावन परिवेश में आयोजित यह शताब्दी समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार और साधना परंपरा के नवजागरण का संदेश देता है।

शताब्दी समारोह के दलनायक एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समारोह किसी वैराग्यपूर्ण एकांत तपोभूमि का आयोजन नहीं है, बल्कि यह युगऋषि पूज्य आचार्यश्री का ह्रखोया-पाया विभागह्र है, जहाँ व्यक्ति स्वयं को और अपने दायित्व को पुनः खोजता है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य किसी के द्वार पर खड़ा होकर प्रतीक्षा नहीं कर रहा, वरन यह आयोजन स्वयं आपके सौभाग्य का द्वार खोलने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने समाज परिवर्तन का संदेश देते हुए कहा कि ह्रगंगा की कसम, यमुना की कसम, यह ताना-बाना बदलेगा। कुछ हम बदलें, कुछ तुम बदलो, तभी यह जमाना बदलेगा।ह्र उन्होंने जनसमूह से आत्मपरिवर्तन को ही सामाजिक परिवर्तन की प्रथम शर्त बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति स्वयं बदलने का साहस करता है, तभी राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण की नींव सशक्त होती है। शताब्दी समारोह का उद्देश्य भी इसी चेतना को जाग्रत करना है, ताकि विचार, आचरण और कर्म के स्तर पर सकारात्मक बदलाव संभव हो सके।

इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार के त्रिवेणी संगम यह शताब्दी समारोह नवयुग का निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व की महान सभ्यताओं का निर्माण सामूहिक चरित्र निर्माण के माध्यम से ही संभव हुआ है। जब समाज के व्यक्ति नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन का आधार बनाते हैं, तभी सशक्त संस्कृति और स्थायी सभ्यता का निर्माण होता है।

जनशताब्दी समारोह इसी सामूहिक चेतना को जाग्रत करने का एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। वहीं मंत्री स्वामी सतपाल महाराज, सुदर्शन न्यूज के प्रबंध निदेशक श्री सुरेश चव्हाण, ईडी के पूर्व निदेशक श्री राजेश्वर सिंह, श्री विनय रुहेला सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# वर्धमान ग्रुप के शपथ विधि समारोह में किया सेवा का सम्मान

### 200 से अधिक दंपति सदस्य की मौजूदगी में हुई अवॉर्ड सेरेमनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देश के सबसे बड़े दिगम्बर जैन समाज के युवक युवतियों के सोशल ग्रुप वर्धमान ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह, जोश, उमंग और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें 200 से अधिक दंपति सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ संयोजको द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत नृत्य की शानदार प्रस्तुति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महासमिति के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बड़जात्या इन्दौर, विश्व ख्याति प्राप्त विद्वान पण्डित प्रकाश छाबड़ा इन्दौर एवं उज्जैन के प्रसिद्ध उद्योगपति शैलेष कलवाड़िया के साथ वर्धमान के संरक्षक संजय जैन, जिनेन्द्र जैन, स्नेहलता सोगानी, चेयरमैन पंकज रेणु जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर मंगल कलश की स्थापना की। एक वर्ष में ग्रुप की सफल और सार्थक गतिविधियों की जानकारी पूर्व सचिव नमन ऋषिका बिलाला ने अपने सचिवीय प्रतिवेदन कुछ विशेष अंदाज में वीडियो को स्क्रीन पर दिखा कर किया।

वर्धमान के नवीन अध्यक्ष हितेष बड़जात्या, राजेश लुहाड़िया एवं कोषाध्यक्ष आदिश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष भर की गतिविधियों में सहयोग देने वाले सम्माननीय दंपति साथियों को अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जंप रोपवे में गोल्ड मेडल जीतने वाले अक्षत जैन, देशना जैन को, वर्ष भर धार्मिक गतिविधियां करवाने वाले योगेशजी को, हर कार्य को समय पर सुव्यवस्थित करने वाले प्रतीक चौधरी एवं राहुल जैन एडवोकेट के साथ साथ, बाल संस्कार शिविर के लाभार्थी हितेष मनीषा जैन को, वर्ष भर सबको बधाई संदेश देने वाले धर्मेन्द्र चन्दना जैन को सम्मान पत्र, मोमेंटो और अवॉर्ड भेंट कर सम्मानित किया गया।

वर्ष 2025 की ऐतिहासिक एक से बढ़कर एक सराहनीय गतिविधियों के लिए अध्यक्ष पंकज नीतू जैन, सचिव नमन ऋषिका बिलाला, कोषाध्यक्ष अविचल प्रीति कासलीवाल को विशेष रूप से अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस शपथ ग्रहण समारोह के संयोजक अभिनंदन परिधि बड़जात्या, राहुल सुरभि सेठी, मनीष शिल्पा सोगानी, प्रियंक रश्मि चौधरी, मयूर मीनल जैन, आशीष श्वेता लुहाड़िया, सौरभ शिल्पा चांदवाड़ , सर्वेश दीपाली जैन, विकास एकता जैन ने सम्पूर्ण आयोजन को संजोया। समारोह का सफल संचालन विक्रांत जैन, जया रोहिल बड़जात्या ने किया। नवीन अध्यक्ष ने वर्ष 2026 की अपनी योजनाएं बताई और कोषाध्यक्ष आदिश खुशी विनायका ने डीपी ज्वेलर्स के आशीष सकलेचा का विशेष सम्मान कर प्रोत्साहित किया। आभार नवीन सचिव राजेश लुहाड़िया ने किया।

### असत्य को छोड़कर सत्य को सदैव ग्रहण करे, सत्यार्थ प्रकाश ग्रन्थ सब धर्मग्रंथों का सार- सुखदेव व्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने में सदैव उद्यत रहना चाहिए, महर्षि दयानंद का सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ सभी सत्य प्रेमी मनुष्य का मार्गदर्शक है, पंच महायज्ञ हमारे जीवन के नित्य अंग होना चाहिए। यज्ञ में गौ घृत का प्रयोग वातावरण में विष का अंत करता है। यज्ञ ऋषियों द्वारा प्रणीत प्राचीन पूजा पद्धति है और इसी लिए यज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है।

उक्त विचार आर्य समाज उज्जैन के पूर्व प्रधान आर्य प्रवक्ता सुखदेव व्यास ने आर्य समाज उज्जैन के साप्ताहिक सत्संग में व्यक्त किये। वैदिक विद्वान पंडित राजेंद्र व्यास ने वेद मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा की हम जीवन में सत्यव्रत धारण कर व्रतो का पालन करने वाले बने, सत्य सनातन वैदिक धर्म मनुष्य मात्र का कल्याण करने वाला है वेद की शिक्षाएं किसी मत पंथ या मजहब के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के समग्र उत्थान के लिए है। इसलिए महर्षि दयानंद ने वेदो की ओर लौटो का संदेश दिया। प्रारंभ में पंडित व्यास के आचार्यत्व में वेद मंत्रों से उपस्थित आर्यजनों ने आहुतियां दी। ईश प्रार्थना का वाचन मदन लाल कुमावत ने किया। भजन संपत पाटीदार ने प्रस्तुत किए।

# सांस्कृतिक मूल्यों के जतन कर परंपराओं को बनाए रखने का शंखनाद है हिंदू सम्मेलन

### उज्जैन महानगर की 11 बस्तियों में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



संघ के शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर उज्जैन विभाग के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में रविवार को उज्जैन महानगर के पांच नगरों की 11 बस्तियों में विराट हिंदू सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन सम्मेलनों के माध्यम से हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

1 जनवरी से प्रारंभ हुए शताब्दी वर्ष आयोजनों के अंतर्गत आयोजित इन सम्मेलनों में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से सनातन परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक मूल्यों पर व्यापक विमर्श हुआ।

सम्मेलनों में सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, संस्कार आधारित गतिविधियाँ, बौद्धिक सत्र, पुरस्कार वितरण एवं सामाजिक सहभोज का आयोजन किया गया। बच्चों, युवाओं एवं मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी इन आयोजनों की विशेष पहचान रही। संतों एवं वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में समाज को संगठित रहने, संस्कृति की रक्षा करने और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया।

केशव नगर अंतर्गत चेतक केशव बस्ती, विक्रमादित्य नगर क्षेत्र में गोवर्धन बस्ती, अशोक मंडी बस्ती तथा रणकेचुर बस्ती, सुदर्शन नगर अंतर्गत तिरुपति सुदर्शन बस्ती, गोवर्धन बस्ती और धन्वंतरि बस्ती, माधव नगर क्षेत्र के किशनपुरा बस्ती, पंवासा बस्ती, कालिदास नगर अंतर्गत महानंदा बस्ती में सम्मेलन आयोजित हुए।

सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प

सम्मेलनों को संबोधित करते हुए सह प्रांत प्रचारक केतन सौजित्रा ने कहा कि हिंदू सम्मेलन अपनी सांस्कृतिक मूल्यों के जतन करने का शंखनाद है। यह अपनी परंपराओं को बनाए रखने का शंखनाद है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि शताब्दी वर्ष को आत्ममंथन और संगठन सुदृढ़ीकरण का अवसर बनाते हुए सनातन मूल्यों को आने वाली पीढ़ी तक पहुँचाया जाए।

जिला आयोजन टोली, हिंदू सम्मेलन उज्जैन ने इन आयोजनों को सफल बनाने के लिए महानगर के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला आयोजन टोली के सदस्यों डॉ. सुशील गुप्ता, राकेश अग्रवाल, हजारीलाल मालवीय, डॉ. हेमंत जीनवाल एवं सीमा वशिष्ठ ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आगे भी इसी प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

## खबर एक नजर...

### अभ्यास इंटरनेशनल स्कूल में आठवां कुशल अभ्यास साइंस एंड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**बड़नगर।** अभ्यास इंटरनेशनल स्कूल में आठवें कुशल अभ्यास साइंस एंड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स एवं सेंसर आधारित विज्ञान प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान के साथ-साथ बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का भी परिचय देते हुए कई आकर्षक कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर रोबोटिक्स और सेंसर बेस्ड मॉडल्स के अलावा सांवरिया सेठ मंदिर, मैजिक शो, डिस्को बीट, जंगल एडवेंचर, महाकुंभ उज्जैन, फ्यूचर फार्मिंग, वृंदावन रास, प्लानेटोरियम, शिवाजी का किला एवं केमिस्ट्री रूम जैसी विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक झांकियों का प्रदर्शन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन राजपाल सिंह राठौर उपस्थित रहे।

### शासकीय अस्पताल बड़नगर से दूर नहीं जाना चाहिए- शिवसेना

**बड़नगर।** बड़नगर शासकीय अस्पताल के कजलाना स्थानांतरण की खबर ने पूरे नगर को चिंतित कर दिया है। यह अस्पताल सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान और आम नागरिकों के लिए अति आवश्यक उम्मीद के साथ ही शहर के मध्य में स्थित है। इस गंभीर विषय को लेकर विधायक जितेन्द्रसिंह पंड्या से शिवसेना के प्रतिनिधि मंडल भावनात्मक चर्चा की गई और स्पष्ट कहा गया कि नगर की यह अनिवार्य स्वास्थ्य सुविधा किसी भी हाल में बड़नगर से दूर नहीं जानी चाहिए।

# साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन, फिटनेस और सामुदायिक स्वास्थ्य को मिला बढ़ावा

### 150 साइकिल चालकों ने 15 किलोमीटर चलाई सायकल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन की दाऊदी बोहरा समाज द्वारा शारीरिक फिटनेस और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइक्लोथॉन 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस शहरव्यापी कार्यक्रम में 150 साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें सबसे कम उम्र का प्रतिभागी 7 वर्ष का और सबसे अधिक उम्र का प्रतिभागी 81 वर्ष का था।

15 किलोमीटर लंबी यह साइक्लोथॉन कामरी मार्ग से शुरू होकर कोठी पैलेस होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई। इस आयोजन में परिवारों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और अनुभवी साइकिल चालकों ने एक साथ भाग लिया, जो स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

कार्यक्रम के समन्वयक हुजेफा सिहोरवाला ने कहा, ह्लअच्छा स्वास्थ्य रोजाना के अनुशासन से विकसित होता है। जब कोई समुदाय इस तरह एकजुट होता है, तो यह संदेश जाता है कि फिटनेस, संतुलन और जिम्मेदारी जीवन के हर चरण में महत्वपूर्ण हैं।ह्व

यह पहल दाऊदी बोहरा समुदाय के उन मूल्यों को दशार्ती है, जिनके अंतर्गत समाज की भलाई के लिए स्वास्थ्य सेवा, पोषण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जाते हैं।

उन्होंने आगे कहा, ह्लसभी आयु वर्ग के लोगों को एक साथ लाकर हम अपने मूल्यों को व्यवहार में ला रहे हैं। यह साइक्लोथॉन केवल तय की गई दूरी तक सीमित नहीं था, बल्कि उज्जैन के प्रत्येक नागरिक के लिए एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली के प्रति साझा संकल्प को मजबूत करने का प्रयास था।

# निःशुल्क मेगा हृदय रोग शिविर का सफल आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

अपोलो हॉस्पिटल इंदौर एवं काबरा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बड़नगर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक निःशुल्क मेगा हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने सहभागिता की, जहाँ सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क हृदय रोग संबंधी परामर्श एवं प्रारंभिक जाँच सुविधाएँ प्रदान की गईं। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल इंदौर से पधारे डॉ. के. रोशन राव एवं डॉ. शिरीष अग्रवाल द्वारा मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों के सम्मान में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में काबरा हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. वी. डी. काबरा, बड़नगर के प्रख्यात सर्जन डॉ. एल. ए. कापड़िया, पूर्व विधायक शांतीलाल धबाई, पुलिस एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार एवं थाना प्रभारी अशोक पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं अतिथियों का सम्मान केमिस्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवीन काबरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, चिकित्सकों, स्टाफ एवं मरीजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन काबरा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रखर काबरा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अजय त्रिवेदी द्वारा किया गया। शिविर एवं सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में मरीजों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# रामघाट शिप्रा तट पर श्रमदान कर, स्वच्छता प्रहरियों का किया सम्मान

### शिप्रा नदी उज्जैन की आस्था और संस्कृति की प्रतीक, इसकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का दायित्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत नगर विकास समिति वार्ड क्रमांक 21 एवं अवनिश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था द्वारा ग्रामोदय अभियान के तहत रामघाट शिप्रा नदी तट पर विशेष श्रम दान एवं घाट परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाले स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए नागरिकों से निरंतर सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम मे अवनीश्री जनकल्याण संस्था अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। सर्वसहाय वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुनील बरोड ने कहा कि शिप्रा नदी उज्जैन की आस्था और संस्कृति की प्रतीक है, इसकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। प्रवीण जोशी जिला समन्वयक, आनंद विभाग के द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन संस्था उपाध्यक्ष प्रिया व्यास ने किया।

# दर्शकों को भाव विभोर कर गया नाटक चौकीदार का मंचन



### नाटक की कहानी 70 के दशक की, आजाद हिंद फौज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सिपाही मजबूरीवश चौकीदार की नौकरी कर रहा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से यथार्थ संस्कृति एवं सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित उज्जैन रंग महोत्सव की दूसरी शाम को कालिदास संस्कृत अकादमी में नाटक चौकीदार की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, प्रेमचंद सृजनपीठ के निदेशक मुकेश जोशी, वरिष्ठ साहित्यकार श्री राम दवे, वरिष्ठ रंगकर्मी श्रीपाद जोशी एवं प्रकाश रघुवंशी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल दुबे को रंगभूषण सम्मान संस्था द्वारा प्रदान किया गया। इसके बाद देश के प्रसिद्ध चित्रकार एवं रचनाकार अशोक भौमिक जी की कहानी चौकीदार का मंचन प्रकाश देशमुख के निर्देशन में हुआ। नाटक की कहानी 70 के दशक में एक ऐसे चौकीदार हरिराम की है जो अंग्रेजों के समय आजाद हिंद फौज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सिपाही था और आजाद भारत में मजबूरीवश चौकीदार की नौकरी कर रहा है। नाटक में मंच से हरिराम जब आजाद हिंद फौज का कौमी तराना ₹सब सुख चेन की बरखा₹ गाता है तो दर्शक नेता जी के दौर में पहुंच जाते हैं और हॉल तालिया से गूंज उठता है। नाटक में हरिराम का किरदार दुर्गेश बाली एवं अशोक भौमिक बने प्रकाश देशमुख एवं रावण और चाय वाला- सूर्यदेव ओलहन ने निभाया। मंच परे संगीत संयोजन - समीर मालवीय अलोकन - शंकरलाल कैथवास वेशभूषा - लीना देशमुख मंच व्यवस्था- मनस्वी देशमुख, मृदुल बाली, प्रचार प्रसार- मंदाकिनी शर्मा, मंच सामग्री - अमित भंडारी, मंच निर्माण - किशोर यादव, सहयोग - रितेश पंवार, जगरूप सिंह चौहान, विजेंद्र वर्मा, विक्रम सिंह चौहान प्रस्तुति समन्वयक - विशाल कलम्बकर ने किया एवं संचालन पांखुरी वक़्त ने किया। जानकारी नाट्य के निर्देशक प्रकाश देशमुख ने दी।

### दिनेश मंडोरा उपाध्यक्ष और गोपाल उपाध्याय संभागीय मीडिया प्रमुख बने

**उज्जैन।** आंचलिक पत्रकार संघ द्वारा अंचल के पत्रकारों को एकजुट करने का संकल्प अभियान जारी है ताकि शासन प्रशासन से पत्रकारों के अधिकार सुविधा आदि पर दमदारी से बात की जा सके' प्रांत अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र टॉक ने संभागीय अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता रामचंद्र गिरी तथा प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गौड़ की अनुशंसा पर पत्रकार श्री दिनेश मंडोर महिदपुर रोड को संभागीय उपाध्यक्ष तथा श्री गोपाल उपाध्याय महिदपुर रोड को संभागीय मीडिया प्रमुख नियुक्त किया है.

# उज्जैन में लगा शिल्प बाजार, 24 जनवरी तक चलेगा

### संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगी



उज्जैन। विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा आयोजित गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ उज्जैन में हुआ।

अभिनंदन परिसर, देवास रोड पर 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगने वाले गांधी शिल्प बाजार का उद्धघाटन कर कलावती यादव नगर निगम सभापति, प्रिंस कुमार (एचपीओ) हस्तशिल्प सेवा केन्द्र इंदौर, किशन सिंह भटोल पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, दिलीप मरमट सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर, संजीव शर्मा ऑडिट ऑफिसर सहकारिता विभाग उज्जैन, सुमेर सिंह सोलंकी प्रबंधक जिला सहकारी संघ उज्जैन, मनीष सिंह, माखन सिंह, अवतार सिंह मेला प्रभारी द्वारा गांधी शिल्प बाजार का निरीक्षण किया गया। जिसमें संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा की जाएगी।

यहाँ विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ एवं सूट, उज्जैन की बटिक प्रिंट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी एवं जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैंड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी की साड़ियाँ, महोबा उत्तर प्रदेश का आर्ट मेटल, जयपुर का लेदर वर्क, पश्चिम बंगाल की जामदानी सिल्क साड़ियाँ, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने एवं अनेक आकर्षक हस्तशिल्प उत्पाद एक ही स्थान पर देखने व खरीदने को मिलेंगे। सभी अतिथियों ने शहरवासियों से बाजार में आकर शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्र सेविका समिति का विशाल पथ संचलन निकला



**बड़नगर।** राष्ट्र सेविका समिति का 18 जनवरी रविवार दोपहर 3 बजे विशाल पथ संचलन निकला। जिसमें घोष के साथ महिलाएँ पूर्ण गणवेश में अनुशासन और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए कदमताल करती सम्मिलित हुई। पथ संचलन सीएम राइस हाइयर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर नयापुरा, तेजाजी चौक, स्टेट बैंक गली, शिवाजी रोड़, धान मंडी, डाबरी चौक, जैनी औषधालय गली, शांतिनिकेतन घाटी, शांतिनिकेतन चोक, महावीर मार्ग, महाराणा प्रताप चोक, महात्मा गांधी मार्ग, नयापुरा होते हुए पुनः सीएम राइस हाइयर सेकेंडरी स्कूल पहुंचेगा। पथ संचलन का जगह-जगह नगर की धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प उड़ा कर स्वागत किया गया।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान पुरानी विरासत को सहेजने का संकल्प : विधायक पंड्या



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

सरकार जो भी अभियान चलाती है वह आमजन को ध्यान में रखकर चलाया जाता है। ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश केवल अभियान नहीं है बल्कि यह पुरानी विरासत, संस्कृति एवं सभ्यता को सहेजने का एक संकल्प भी है।

उक्त विचार ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने व्यक्त किए। आपने कहा कि जनअभियान परिषद सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। परिषद द्वारा बड़नगर में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए आप सभी उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया। अतिथि महानुभाव को पौधा भेटकर दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय, नगर विकास समिति के अमित जोशी, जयेश आचार्य आदि ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार रुपाली जैन, शिक्षा विभाग से राहुल विश्वकर्मा, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी सुलोचना सेन ने भी शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को दी। कार्यक्रम में नगर मण्डल अध्यक्ष अमित राठौड़ भी मंचासिन रहे। श्रीमती श्रोत्रिय ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान की विस्तार से जानकारी प्रदान कर बताया कि अभियान के तहत विकासखंड के अनेक गांव में नवांकुर सनीति प्रस्फुटन समिति के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करेगी। संचालन अजय पंड्या सजग ने किया।आभार परिषद की विकासखंड समन्वय रेणुका श्रोत्रिय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति सदस्य, नवांकुर, मेंटर एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान विकासखंड में परिषद के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को विधायक जी के हाथों अंक सूची प्रदान की गई। संचालक द्वारा ऊर्जावान प्रेरणादायी गीत संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बड़े चलो भला हो जिससे देश का वह काम सब किए चलो का सामूहिक गान करवाया।

## संस्कारों और समरसता का प्रतीक बना हल्दी-कुमकुम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

नगर में पारंपरिक पर्वों और संस्कारों को सहेजने की दिशा में एक अनूठी पहल देखने को मिली। करणी सेना परिवार की उज्जैन संभाग अध्यक्ष रचना मनोज सिंह जादौन के निज निवास पर पारंपरिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन में शहर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल परंपरा का निर्वहन ही नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर अखंड सौभाग्य और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की।

### रिश्तों में मधुरता का माध्यम है यह पर्व

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हल्दी-कुमकुम महज एक रस्म नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को एक सूत्र में पिरोने और आपसी रिश्तों में मधुरता घोलने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न केवल परिवार की एकता मजबूत होती है, बल्कि समाज में भाईचारा और सकारात्मक सोच का भी विस्तार होता है।

**महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा-** इस मिलन समारोह के दौरान केवल रस्में ही नहीं निभाई गईं, बल्कि सामाजिक विषयों, महिला सशक्तिकरण और गिरते पारिवारिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने पर भी गहन चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को एक सामाजिक मंच मिलता है, जिससे वे अपनी आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ पाती हैं।

# विशाल हिन्दू सम्मेलन में सनातन चेतना से गूंजा वातावरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

सकल हिन्दू समाज के जागरण को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से मंगल पाण्डे बस्ती के तत्वावधान में सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक समरसता को समर्पित एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज शांतिकुंज परिसर में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. हेडगेवार जन्मशताब्दी न्यास के सचिव रितेश सोनी रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में हिंदुत्व की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। इस अवसर पर उपस्थित संत गोपालकृष्णानंद जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से



जनसमूह को आशीर्वचन प्रदान करते हुए हिन्दू समाज की एकता एवं संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति दीदी मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए लव जिहाद विषय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की तथा इसे हिन्दू समाज के लिए लव जिहाद को घातक बताते हुए जागरूकता का आह्वान किया। मंच पर महंत श्री सरस्वतीदास जी महाराज, ज्ञानी चमनदीप सिंह, जटिया समाज मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश बैरागी, कार्यक्रम संयोजक सुरेश भावसार, सहसंयोजक नवीन बिलाला, रवि यादव सहित अन्य गणमान्यजन मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक सस्वर पाठ से हुआ, जिसका सुंदर गायन विनय बादशाह एवं अभिनव शाह द्वारा किया गया। श्रीगणेश वंदना कु. आयुष शर्मा एवं कु. नंदिनी शर्मा ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन का पावन कार्य अतिथियों के कर-कमलों से संपन्न हुआ। अतिथि परिचय राहुल शर्मा द्वारा दिया गया। अतिथियों का स्वागत दुपट्टा, शाल एवं श्रीफल भेंट कर रोहित शर्मा, दीपक यादव, दिलीप केवट, विजय टेपण, अभिनव शाह, कपिल सरसोदिया, मोनू परिहार, दीपक भावसार, अजय विजयवर्गीय, ऋषभ नीमा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने किया।इस अवसर पर विधायक जितेन्द्र सिंह पंड्या सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन पंकज भावसार ने किया व आभार कार्यक्रम संयोजक सुरेशचन्द्र भावसार ने माना ।

### रंगमंचीय प्रस्तुतियों ने दिया जागरूकता का संदेश

रंगमंचीय सत्र में बालकों द्वारा प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति संघ के सायंकाल शाखा के बाल स्वयंसेवकों द्वारा दी गई जोकि विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर की बालिकों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया साथ शिवाजी पाठ बालिका मंडल की नाट्य प्रस्तुति भी सराहनीय रही। सम्मेलन में महापुरुषों की चित्र श्रृंखला विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भगवान श्रीराम-सीता की मनोहारी झांकी ध्वजों के मध्य अत्यंत भव्य प्रतीत हो रही थी। वहीं विधायक महोदय का सामान्य व्यक्ति की तरह नीचे भूमि पर बैठकर कार्यक्रम में सहभागिता करना उनकी सादगी का प्रतीक बना.

# सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर कोर्ट का बड़ा फैसला, परिजनों को 43.33 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने के आदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शाजापुर के द्वितीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने एक अहम फैसला सुनाते हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को 43 लाख 33 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। मामला करीब एक वर्ष पुराने सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें तेज रफ्तार वाहन की लापरवाही के कारण एक परिवार ने अपना कमाऊ सदस्य खो दिया था। अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं जावेद पठान बेरछा ने बताया कि मृतक अविनाश वर्मा 41 वर्ष निवासी नाग-नागिनी रोड, शाजापुर, बीते 6 फरवरी 2025 को अपनी मोटरसाइकिल से मनोरमा गार्डन नैनावद जा रहे थे। शाम करीब 5.30 बजे जब वे तराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत



ए.बी. रोड स्थित लखुन्दर नदी ब्रिज के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए अविनाश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

इस भीषण भिड़ंत में अविनाश सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद थाना तराना में दुर्घटना का मामला पंजीबद्ध किया गया था। मृतक के परिजनों ने न्याय और आर्थिक सहायता के लिए शाजापुर न्यायालय में दुर्घटना दावा याचिका प्रस्तुत की थी। मामले की गंभीरता और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद, द्वितीय सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, शाजापुर ने माना कि दुर्घटना विपक्षी चालक की लापरवाही का परिणाम थी। न्यायालय ने मृतक की आयु, आय और परिवार की निर्भरता को ध्यान में रखते हुए कुल 43 लाख 33 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि परिजनों को भुगतान करने के आदेश दिए हैं।


# मौसम का यू-टर्न, 24 घंटे में 6 डिग्री उछला पारा, कड़ाके की ठंड के बीच गर्मी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर के मौसम में पिछले 24 घंटों के दौरान जबरदस्त बदलाव दर्ज किया गया है। शुक्रवार की रात जहां कड़ाके की सर्दी ने लोगों को परेशान किया, वहीं शनिवार की रात लोगों को सर्दी से खासी राहत मिली। रात के तापमान में सीधे 6.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री था, जिससे रात में गलन महसूस हो रही थी। इसके ठीक उलट, रविवार को न्यूनतम तापमान चढ़कर 14.7 डिग्री पर पहुंच गया। इस प्रकार एक ही रात के अंतर में ठंड का असर काफी हद तक कम हो गया।

### तेज हवाओं ने बढ़ाई दिन की रौनक

रविवार को दिन का मौसम भी पूरी तरह साफ




रहा। दिन का अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, उत्तर-पश्चिमी दिशा से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सुहावना बनाए रखा। वातावरण में आर्द्रता (नमी) 33: दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञ धनोतिया के अनुसार, हवाओं की दिशा और गति में बदलाव के कारण रात के तापमान में यह अचानक उछाल आया है, जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर पहुंच गया। फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

## खबर एक नजर...

### प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह को ऑल इंडिया पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** ऑल इंडिया पत्रकार संघ मध्य प्रदेश के नेतृत्व में आयोजित मिलन समारोह मैं विशेष अतिथि के रूप में दिनांक 18 जनवरी को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत उपस्थित हुए जहां पर कुंवर शक्तावत का राष्ट्रीय संस्थापक एवं उनकी टीम तथा भावना इंडिया टीवी मध्य प्रदेश अध्यक्ष मुकेश प्रजापत के द्वारा पुष्प माला पहनाते हुए गर्म जोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हुए संबोधित किया और कुंवर शक्तावत ने कहा कि पत्रकार एक सैनिक की भांति हर मैदान में खड़े मिलते हैं और अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं कारगिल युद्ध से लेकर कोरोना काल हो या इंदौर में गंदे पानी से हुई मौतो को यदि किसी ने उजागर किया है तो वह पत्रकार ने किया है और पत्रकार हितेषी कानून राज्य सरकार और केंद्र सरकार को बनाना चाहिए पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया करवाना। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों के साथ ही साथ अधिमान्य पत्रकार बाबूलाल नागर एवं प्रकाश बंसल तथा क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पत्रकार साथियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सम्मानित किया गया।

### विवाद में हमले से युवक की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**नीमच।** जिले की सरवानिया महाराज चौकी क्षेत्र अंतर्गत लासूर धामनिया गांव में एक मामूली सा मकान निर्माण विवाद देखते ही देखते खून-खराबे में तब्दील हो गया। परिवार के भीतर हुआ यह विवाद इतना बढ़ गया कि चचेरे भाई मुकेश ने युवक पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम और आक्रोश का माहौल बन गया। पवन की मौत की सूचना मिलते ही गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की पत्नी सुगना बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण न्याय की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया को घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों का कहना था कि एक छोटे से विवाद में परिवार के ही लोगों ने पवन की बेरहमी से हत्या कर दी।

### कृषि मंडी में अव्यवस्थो के खिलाफ कांग्रेस जंगी प्रदर्शन कर सौपेंगी ज्ञापन

**मल्हारगढ़।** कृषिउपज मंडी मन्दसौर में लगातार अव्यवस्थाओं के चलते चक्काजाम,मंडी बंद मारपीट जैसी घटनाएं बढ़ रही है वहा प्रशासन नाम की कोई चीज ही नही है। व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस ने कई बार प्रशासन का भी ध्यान आकर्षित किया पर कोई ध्यान नही दिया।वर्तमान में हम्माल व व्यापारियों के बीच हाथापाई से कृषि उपज मंडी बंद पड़ी है। बंद पड़ी मंडी को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर मन्दसौर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी मन्दसौर के गेट के बाहर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन भी दिया जाएगा।जिसमे मंडी को तुरंत खोलकर किसानों की उपज को खरीदी जाय, अव्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाय,किसानों,व्यापारियों, हम्मालों के नुकसान की भरपाई हो,भविष्य में ऐसी स्थिति न हो प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की जाय। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि जिले में सभी कृषि उपज मंडियों की यही हालत है भाजपा सरकार मंडी चुनाव करवाने से डरी हुई है कई वर्षी से मंडियों के चुनाव नही करवाये जारहे है।प्रशासन मंडी व्यवस्थाओं को सुधारने में नाकारा साबित होरही है।शर्मा ने जिले के किसान एवं कांग्रेसजनों से आव्हान किया है कि सोमवार 19 जनवरी को जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन में सम्मलित होकर अपनी आवाज को बुलंद करे।


# 10 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी जाने के बाद दोनों पत्नियां, बहन, बहू और बच्चे भी जेल गए

## दिलावर के घर सस्पेंड एसआई बेटे के नाम आर्मी आई-कार्ड मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले के चिकलाना में एमडी ड्रग फैक्ट्री के भंडाफोड़ के बाद चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। जिस कमरे में अवैध रूप से एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी, वहां से दो साल पहले सस्पेंड किए गए सब-इंस्पेक्टर रऊफ खान के नाम का पुलिस आईडी कार्ड मिला है। इसके अलावा दिलावर खान के बेटे अजहर के नाम से इंडियन आर्मी की जम्मू एंड कश्मीर राइफल का आईडी कार्ड भी बरामद हुआ है।

इन दस्तावेजों के मिलने के बाद पुलिस ने सस्पेंड एसआई समेत पूरे नेटवर्क की भूमिका की जांच का दायरा बढ़ा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने विशेष जांच टीम का गठन किया है। कोर्ट ने सरगना दिलावर खान की दोनों पत्नियों फरीदा व शायना (25), बहन मुमताज व बहू फिजा के अलावा एक अन्य को ज्यूडिशियल रिमांड पर रतलाम सर्किल जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में दिलावर की दूसरी पत्नी का एक साल का बेटा और 8 माह का पोता भी शामिल है। दिलावर की बेटी बखमीना की 8 साल की बेटी को परिजन जावरा कोर्ट से अपने साथ ले गए। रऊफ खान पर दो साल पहले अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप लगे थे, जिसकी लगातार शिकायतें पुलिस अधिकारियों को मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर 5




जनवरी 2024 को तत्कालीन एसपी राहुल कुमार लोढ़ा के अवकाश पर होने के दौरान उस समय के प्रभारी एसपी एवं वर्तमान एएसपी राकेश खाखा ने रऊफ खान को सस्पेंड कर दिया था।

दिलावर के घर से इंडियन आर्मी जम्मू एंड काश्मीर राइफल का एक आईडी कार्ड भी मिला है। जिस पर दिलावर खान के बेटे मोहम्मद अजहर का नाम व आर्मी की यूनिफॉर्म पहने फोटो लगा है। आईडी कार्ड में अजहर ने प्रवेश तिथि 20 फरवरी 2021 व सर्विस नंबर 153021 लिखा है। इसके साथ अपनी रैंक लांस नायक की बता रखी है। पुलिस इस कार्ड को फर्जी बता रही है। वहीं इंडियन आर्मी के नाम का दुरुपयोग करने को लेकर संबंधित विभागों को जांच के लिए लिखा जा रहा है। यह भी जानकारी सामने आई है कि जब पुलिस ने दिलावर खान के मकान में दबिश दी तो पहले तो महिलाओं ने झूमा झटकी की कोशिश की। पुलिस ने फिर सख्ती दिखाई। जब घर के सभी सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया तो दिलावर का दामाद याकूब खान व उसकी बेटी याकूब की पत्नी बखमीना ने पुलिस से जो भी हो देख लेने की बात कही। याकूब ने 50 लाख तक का ऑफर दिया। याकूब आखिर तक बोलता रहा कि मुझे छोड़ दो मैं १ सीआर याने १ करोड़ दूंगा। हालांकि, पुलिस को जांच के दौरान घर से किसी प्रकार की नकदी नहीं मिली है। शनिवार रात दिलावर खान को लेकर पुलिस उसके घर चिकलाना भी पहुंची।

घर में से सर्चिंग में पुलिस को जमीनों से जुड़ी 200 से 300 रजिस्ट्रियां व अनुबंध पत्र मिले हैं। पुलिस इनकी भी जांच कर रही है कि आखिर किस-किस के नाम है। यहां तक 25 साल की पत्नी को लेकर भी पुलिस को संदेह है कि आखिर बेटी से भी कम उम्र की लड़की से शादी क्यों की। पुलिस को शंका है कि इसके पीछे भी कोई ना कोई कारण रहा होगा। बता दें कि दिलावर खान की उम्र 65 साल है। पहले से 62 साल की पत्नी है, जबकि दूसरी पत्नी 25 साल की है और एक साल का बेटा है।

दिलावर खान जमीनों से जुड़ा काम भी करता है। गांव से सरपंच प्रतिनिधि गड्डू सिंह चंद्रावत भी इस बात को बता चुके हैं कि दिलावर का परिवार डरा-धमकाकर जमीन हड़पने का काम कर ब्याज पर भी रुपए चला कर 10 से 20 गुना वसूलता है। गांव में इनके परिवार के 8 से 10 मकान हैं। यह भी जानकारी सामने आई कि पिपलौदा तहसील में इसकी अलग-अलग लोगों के साथ साझेदारी में एक हजार बीघा जमीन है। दिलावर के घर पर कई रसूखदार लोगों का भी आना-जाना लगा रहता था। कुछ सफेदपोशों का भी सरंक्षण प्राप्त है। यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद का यह करीबी बताता है।

**एसपी ने नेटवर्क की जांच के लिए एसआईटी बनाई**

रतलाम एसपी अमित कुमार ने इस पूरे नेटवर्क की जांच को लेकर एसआईटी बना दी है। एसआईटी में एएसपी रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल, जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, कालूखेड़ा थाना प्रभारी मोहन मौर्य, रतलाम औद्योगिक थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी, साइबर सेल के जीवन बारिया, हेड कॉन्स्टेबल दिनेश पंड्या, साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल विपुल भावसार, थाना कालूखेड़ा के कॉन्स्टेबल मनोहर गायरी, पवन जाट, बिलपांक थाने के हेड कॉन्स्टेबल राहुल जाट. रिंगनोद थाने के कॉन्स्टेबल हर्ष जगावत को शामिल किया है।

## जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

जिले में शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन शासकीय कमला नेहरू उमावि में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में जावरा ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के कक्षा 2 से 8 तक के 575 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान,संस्कृत, सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिससे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच का मूल्यांकन किया जा सके।

खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत ने बताया कि ओलंपियाड प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। खंड अकादमिक समन्वयक राजेश भावसार ने बताया कि प्रथम चरण की प्रतियोगिता विकासखंड स्तरीय जनपद के 10 जनशिक्षा केदो पर आयोजित की गई थी इसमें चयनित हुए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने द्वितीय चरण में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा दी। संपूर्ण परीक्षा दो दिनी चली। जिसमें प्रथम दिवस 272 एवं द्वितीय दिवस 303 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार झा व सहायक जिला परियोजना समन्वयक मुकेश राठौर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पटेल ने किया। केंद्राध्यक्ष सुमित्रा बामनिया, खंड अकादमिक समन्वयक नीता शर्मा, परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सोनी, प्रतीक सोलंकी, जन शिक्षक महेंद्र त्रिवेदी, केसर खान, सौरभ गुप्ता, शिवनारायण धाकड़, सादिक खान, अशोक दड़िंग, सुनील कदम, सुनील कोठाने, प्यार सिंह पवार,नंदकिशोर कारपेंटर, लालू मईड़ा, पुरुषोत्तम भाटी एवं पर्यवेक्षक, शिक्षकगण का सराहनीय सहयोग रहा।

## दूध डेयरी गोदाम में भीषण आग, 7 वाहन सहित सामान जलकर खाक, लाखों का नुकसान

**मंदसौर।** शहर की चौधरी कॉलोनी के पास स्थित नूर कॉलोनी में शनिवार की देर रात एक गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह गोदाम महावीर दूध भंडार के संचालक मनोहर गुर्जर का था। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते वहां रखे 7 वाहन और दूध डेयरी का कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस अग्निकांड में 2 फोर-व्हीलर और 5 टू-व्हीलर वाहन जल गए हैं। इसके अलावा गोदाम में रखे सोलर पैनल, दूध की टंकियां और अन्य मशीनरी भी आग की भेंट चढ़ गई। पीड़ित के अनुसार करीब 40 से 50 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने का स्पष्ट कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। रात करीब 12.15 बजे जब लोगों ने लपटें देखीं, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि टायर फटने के धमाकों की आवाजें दूर तक सुनाई दे रही थीं।घटना की जानकारी मिलते ही राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और क्षेत्रीय पार्षद तरुण शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और शासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## वृद्धा के साथ मारपीट कर कान से सोने की बालियां छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गरोठ

ग्राम फूलखेड़ा में ६२ वर्षीय वृद्ध महिला मोहनबाई के साथ हुई लूट की घटना का गरोठ पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को गरोठ थाने पर फरियादिया मोहनबाई (62) पति रामप्रसाद जाति मेघवाल निवासी फूलखेडा थाना गरोठ के द्वारा थाने पर रिपोर्ट की गई कि वह फूलखेडा गांव स्थित अपने खेत पर बने कुंए पर काम कर रही थी तभी वहां पर दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल से आये जिनमें से एक में मोटरसाइकिल से उतरकर मुझसे पानी पिलाने के लिए बोला और दूसरा मोटरसाइकिल पर बैठा रहा। मैंने उसे पानी पिलाया तो इतने में उसने मुझे धक्का मारकर नीचे गिरा दिया जिससे मुझे सिर में पीछे की तरफ चोट लगी फिर उसने मेरे दोनो कानो में पहने हुई सोने के बालीयां खिंच ली जिससे मेरे



दोनो कान फट गये व खून निकलने लगा। मैंने विरोध किया तो उसने मेरे साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट किया उसने उसके हाथ में पहने हुए कडे से मुझे माथे, गाल, नाक और आंख पर मारा जिससे बोटे आई। मैं चिल्लाई तो उसने मेरा मुंह और गला दबा दिया फिर मेने खुद को उससे छुड़ाकर जोर से चिल्लाई तो वह व्यक्ति मुझे छोड़कर उसके दूसरे साथी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर वहां से भाग गये। मेरी पुरानी इस्तेमाली सोने की बालीयां करीब 10 ग्राम की लूटकर ले गये। जिस पर अज्ञात आरोपीगणो के विरुद्ध थाना गरोठ पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी हरीश मालवीय की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल के आसपास के लोगों से चर्चा की व सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाकर आरोपीगण श्यामनाथ (35) पिता मन्नानाथ जाति नाथ कालबेलिया निवासी ग्राम सेमली दिवान थाना गरोठ जिला मंदसौर व राजेंद्र (44) उईके पिता कथकु निवासी धनोरा जिला सिवनी को गिरफ्तार किया गया व लूटी गई सोने की बालियां व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की।



## इरादे कभी-कभी गलत समझ लिए जाते हैं

### पहले कहा था- सांप्रदायिक वजहों से काम नहीं मिला, कंगना बोलीं- आप नफरत में अंधे हुए

कंपोजर-सिंगर एआर रहमान ने अपने पहले दिए गए बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी इरादे को समझने में गलती हो जाती है। कॉन्ट्रोवर्सी के बाद रहमान का यह पहला बयान है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें सांप्रदायिक वजहों से पिछले 8 सालों से बॉलीवुड में काम नहीं दिया जा रहा है।

वहीं, जावेद अख्तर के बाद अब कंगना रनोट भी एआर रहमान के बयान पर भड़क गईं। एक्ट्रेस ने बताया- 'मैं चाहती थी कि एआर रहमान मेरी फिल्म इमरजेंसी का नरेशन करें, लेकिन उन्होंने ये कहते हुए इनकार कर दिया कि वो किसी प्रोपगेंडा फिल्म का हिस्सा नहीं बनना चाहते।' विवाद बढ़ने पर अब एआर रहमान ने सफाई देते हुए कहा है कि वो किसी को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे।

कंगना ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एआर रहमान का बयान पोस्ट कर लिखा- प्रिय एआर रहमान जी, फिल्म इंडस्ट्री में मुझे बहुत भेदभाव और पक्षपात का सामना करना पड़ता है, सिर्फ इसलिए क्योंकि मैं एक केसरिया पार्टी का समर्थन करती हूं। लेकिन मुझे यह कहना ही पड़ेगा कि आपसे ज्यादा पूर्वाग्रही और नफरत से भरा इंसान मैंने आज तक नहीं देखा। आगे कंगना ने लिखा, 'मैं बहुत चाहती थी कि आप मेरे डायरेक्शन की फिल्म इमरजेंसी के लिए नरेशन दें, लेकिन आपने मुझसे मिलने तक से मना कर दिया। मुझे बताया गया कि आप किसी प्रोपेगेंडा फिल्म का हिस्सा नहीं बनना चाहते। हैरानी की बात यह है कि इमरजेंसी को सभी आलोचकों ने एक बेहतरीन फिल्म बताया। यहां तक कि विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने भी मुझे चिट्ठियां भेजकर फिल्म की तारीफ की, खासतौर पर इसके संतुलित और संवेदनशील नजरिए के लिए। लेकिन आप अपनी नफरत में अंधे हो चुके हैं। मुझे आपके लिए अफसोस होता है।' इसके अलावा एक और पोस्ट कर कंगना रनोट ने लिखा है, 'एआर रहमान जी, हर किसी की जिंदगी में अपनी-अपनी लड़ाइयां होती हैं।

# धनुष-मृणाल जल्द लेंगे सात फेरे

### दावा-14 फरवरी को प्राइवेट सेरेमनी में होगी शादी, पिछले साल से रिश्ते में हैं दोनों



साउथ सुपरस्टार धनुष और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। फ्री प्रेस जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, मृणाल और धनुष अगले महीने की 14 फरवरी यानी कि वैलेंटाइन डे के मौके पर शादी करेंगे।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये शादी के एक प्राइवेट सेरेमनी होगी, जिसमें दोनों की फैमिली और क्लोज फ्रेंड्स मौजूद रहेंगे। हालांकि धनुष या मृणाल में से किसी ने कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है।

बता दें कि पिछले साल अगस्त में मृणाल की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' के प्रीमियर के दौरान धनुष को देखा गया था। दोनों को साथ में देखकर डेटिंग के कयास लगने लगे। फिर धनुष की फिल्म 'तेरे इश्क' की रैप-अप पार्टी में मृणाल की मौजूदगी से डेटिंग की खबरों को और हवा मिली। मृणाल सोशल मीडिया पर धनुष के अलावा उनकी दोनों बहनों को भी फॉलो करती हैं, इस बात ने भी लोगों का ध्यान खींचा। डेटिंग की रूमर्स जब बढ़ने लगी फिर एक्ट्रेस को सफाई देनी पड़ी थी। एक इवेंट में जब मृणाल से चल रही खबरों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि वो सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। धनुष 'सन ऑफ सरदार-2' के प्रीमियर में अजय देवगन के इनविटेशन पर आए थे।

न्यूज 18 शोशा की एक रिपोर्ट में दोनों की डेटिंग की बात को सच बताया गया था। रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से लिखा गया था- दोनों की डेटिंग की बात सच है। लेकिन उनका रिलेशनशिप नया है, इस वजह से उन्होंने इसे पब्लिक नहीं किया है। दोनों को घूमने-फिरने या एक साथ देखे जाने से परेशान नहीं होते हैं। दोनों की सोच और पसंद काफी मिलती-जुलती है। उनके दोस्त दोनों को सपोर्ट कर रहे हैं।

बताते चलें कि धनुष ने साल 2004 में रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत से शादी की थी। इस शादी से कपल को दो बेटे यात्रा और लिंगा हैं। कपल ने 2022 में तलाक की अनाउंसमेंट की थी, जिसके बाद 2024 में आधिकारिक तौर पर तलाक ले चुके हैं। दोनों की वर्कफ्रंट की बात करें तो धनुष बीते साल साउथ फिल्म 'इडली कढ़ाई' और हिंदी फिल्म 'तेरे इश्क' में दिखे थे। वहीं मृणाल ठाकुर 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आई थीं। इस साल उनकी 'दो दीवाने शहर में' और 'डकैतः ए लव' स्टोरी रिलीज होने वाली है।





## गोविंदा के अफेयर पर सुनीता का बयान

### स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस को शुगर डैडी चाहिए होता है फंसा लेती हैं, सबूत मिला तो माफ नहीं करूंगी

सुनीता आहूजा ने फिर एक बार गोविंदा के अफेयर की खबरों पर रिएक्शन दिया है। उनका कहना है कि गोविंदा का इस उम्र में अफेयर करना शोभा नहीं देता। इससे उनके बच्चे भी डिस्टर्ब होते हैं। सुनीता ने ये भी चेतावनी दी है कि अगर उन्हें गोविंदा के खिलाफ सबूत मिलते हैं, तो वो उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी।

सुनीता आहूजा ने हाल ही में मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में कहा है, '2025 मेरे लिए बहुत बुरा साल था, क्योंकि उस समय हमारी फैमिली लाइफ में काफी परेशानियां चल रही थीं। मैं गोविंदा के बारे में भी कई बातें सुन रही थी, जो मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था। मैं हमेशा कहती हूं कि हर चीज करने की एक उम्र होती है। 63 साल की उम्र में ऐसी बातें सुनना अच्छा नहीं लगता, खासकर जब बच्चे बड़े हो चुके हों। यह सब बहुत गलत और दुखद था। उम्मीद है कि 2026 में भगवान गोविंदा को सही समझदारी दें।'

आगे सुनीता ने कहा है, 'देखो, मेरे बच्चे अब बड़े हो गए हैं, और मैंने हमेशा यही कहा है कि ऐसी बातों से बच्चे परेशान होते हैं। मैं हमेशा कहती हूं कि यह तुम्हारी उम्र नहीं है। आजकल क्या होता है, जो लड़कियां स्ट्रगल करने आती हैं, उन्हें एक शुगर डैडी चाहिए होता है, जो उनका खर्च चलाए। चेहरा दो कौड़ी का होता है, लेकिन हीरोइन बनना चाहती हैं। तो फिर क्या उम्मीद करोगे? फिर फंसा लेंगी, बाद में ब्लैकमेल करेंगी, ऐसी बहुत लड़कियां आती हैं। लेकिन तुम थोड़ी बेवकूफ हो। तुम 63 साल के हो चुके हो।'

सुनीता आहूजा ने बातचीत में ये भी कहा है कि अगर उन्हें गोविंदा के खिलाफ सबूत मिले, तो वो उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, 'तुम्हारी एक अच्छी फैमिली है, सुंदर बीवी है, दो बड़े बच्चे हैं। 63 की उम्र में यह सब नहीं किया जा सकता। जवानी में किया हो तो ठीक है, जवानी में हम सब गलतियां करते हैं, लेकिन इस उम्र में नहीं। तुम्हें टीना (बेटी) की शादी करानी है, यश का करियर है, इन पर ध्यान दो। अगर मुझे पक्का सबूत मिला, तो मैं गोविंदा को कभी माफ नहीं करूंगी।'

# गुरुग्राम में डांस फ्लोर पर नाचीं नोरा फतेही

हरियाणा के गुरुग्राम में एक रेजिडेंस सोसाइटी की प्री-लॉन्चिंग पार्टी में बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही पहुंचीं। एडॉट होटल में आयोजित भव्य इवेंट में नोरा का परफॉर्मेंस सबसे बड़ी हाइलाइट रहा। उन्होंने अपनी सेक्सी डांस मूव्स और परफॉर्मेंस से पार्टी में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**लोग 'हाय गर्मी' चिल्लाए बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता, इखढ नेता मनोज तिवारी भी पहुंचे**



ग्लैमरस आउटफिट में सजीं नोरा ने बॉलीवुड और इंटरनेशनल ट्रैक्स का मिक्स पेश किया। उनकी सिग्नेचर स्टाइल 'हाय गर्मी' को डांस फ्लोर पर आयोजकों समेत कई लोगों ने ट्राई किया। फैंस नोरा का नाम चिल्लाते नजर आए।

पार्टी के आयोजक व एम3एम के प्रमुख पंकज बंसल और उनकी पत्नी ऐश्वर्या बंसल भी खुद को डांस करने से नहीं रोक पाए। इस पार्टी के कई वीडियो और फोटो सामने आए हैं, जिनमें लोग एनर्जी से भरकर नाच रहे हैं। पार्टी में लग्जरी क्लोथिंग और डिजाइनिंग के लेबनानी इंटरनेशनल ब्रांड एली साब के प्रतिनिधि भी पहुंचे। इनके अलावा, भाजपा नेता व भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी, बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता ने भी पार्टी में शिरकत की। लारा इस पार्टी की होस्ट थीं।

**कई हिट गानों पर किया डांस-** इस इवेंट में नोरा फतेही ने अपनी हालिया रिलीज व्हॉट डू आई नो सहित कई हिट गानों परफॉर्म किया। इस दौरान कई लोग वीडियो रिकॉर्ड करते नजर आए। नोरा ने खुद तो ठुमके लगाए ही, उन्होंने अन्य लोगों को भी अपने साथ नचाया। पार्टी में आए कुछ लोगों ने नोरा के सामने उनके ही डांस स्टेप्स करके दिखाए। इस दौरान कई लोगों ने हाय गर्मी स्टेप को परफॉर्म करने की कोशिश की, जिसे देखकर नोरा भी हैरान रह गईं।



## कीवियों की भारत में पहली वनडे सीरीज जीत

# विराट कोहली के नंबर-3 पर हाईएस्ट रन

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

न्यूजीलैंड ने भारत में इतिहास रचते हुए पहली बार वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे में कीवी टीम ने भारत को 41 रन से हराया। इसके साथ ही यह भारत की इस मैदान पर पहली वनडे हार भी रही।

रविवार को रिकाड्र्स का दिन विराट कोहली के नाम रहा। वे वनडे में नंबर-3 पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। लेकिन उनकी पारी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकी।

338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 8 विकेट पर 337 रन बनाए थे। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रन की शतकीय पारियां खेलीं।

**1. न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीती-** वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीती। तीन मैचों की सीरीज को न्यूजीलैंड ने 2-1 से अपने नाम कर लिया। इससे पहले भारत में दोनों टीमों के बीच खेली गई हर वनडे सीरीज में भारत का ही दबदबा रहा था।

**वनडे में नंबर-3 के सबसे ज्यादा रन-** विराट कोहली वनडे में नंबर-3 पोजिशन पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस फॉर्मेट में 12,676 रन बनाए हैं। कोहली ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए हासिल की, जिनके नाम नंबर-3 पर 12,662 रन दर्ज हैं।

**कोहली के न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक-** विराट कोहली ने वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। कोहली ने सिर्फ 36 पारियों में 7 शतक लगा दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग और वीरेंद्र सहवाग के नाम था, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 6-6 शतक लगाए थे। इतना ही नहीं, तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) को मिलाकर भी कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। इस दौरान उन्होंने साउथ अफ्रीका के जैक कैलिस के 9 शतकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया।

**कोहली ने 5 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 7 शतक लगाए-** कोहली के करियर की बात करें तो यह उनके वनडे का 54वां, इंटरनेशनल क्रिकेट का 85वां और भारत में खेलते हुए 41वां शतक रहा। इसके साथ ही कोहली ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वे दुनिया के इकलौते बल्लेबाज बन गए, जिनके नाम पांच अलग-अलग टीमों के खिलाफ 7 या उससे ज्यादा शतक दर्ज हैं। कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ 10, वेस्टइंडीज के खिलाफ 9, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 7 और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 7 शतक पूरे कर लिए हैं।

**मिचेल भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के टॉप स्कोरर-** डेरिल मिचेल भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के हाईएस्ट स्कोरर बन गए। उन्होंने 352 रन बनाए। यह किसी भी न्यूजीलैंड बल्लेबाज द्वारा 3 मैचों की वनडे द्विपक्षीय सीरीज में बनाए गए सबसे ज्यादा रन भी हैं। मिचेल का वनडे में भारत का सबसे ज्यादा 74.1 का औसत हैं। वे भारत के खिलाफ 4 शतक भी लगा चुके हैं।

**भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी-** भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी अब डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के नाम दर्ज हो गई है। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 219 रन जोड़े। पहले नंबर पर केन विलियम्सन और टॉम लैथम हैं। दोनों ने 2022 ऑकलैंड में नाबाद 221 रन जोड़े थे।

## आरसीबी की चिन्नास्वामी स्टेडियम में एआई कैमरा लगाने की मांग



### 350 कैमरे का खर्च खुद उठाएगी फ्रेंचाइजी बेंगलुरु भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों के आयोजन को लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को एक प्रस्ताव भेजा है। इसमें फ्रेंचाइजी ने स्टेडियम में भीड़ नियंत्रण को मजबूत करने के लिए 300 से 350 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित कैमरे लगाने की पेशकश की है।

इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 4.5 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है, जिसे आरसीबी खुद उठाएगी। फ्रेंचाइजी के मुताबिक, इन कैमरों के जरिए दर्शकों की आवाजाही पर बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी। एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर रियल टाइम मॉनिटरिंग से अवैध प्रवेश पर रोक लगेगी और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई संभव होगी। फ्रेंचाइजी का मानना है कि इससे मैच के दौरान फैंस की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत होगी। पिछले साल आईपीएल ट्रॉफी सेलिब्रेशन के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद स्टेडियम में सभी तरह की क्रिकेट गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। जांच रिपोर्ट में भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को हादसे की बड़ी वजह बताया गया था और इसके लिए आरसीबी को भी जिम्मेदार ठहराया गया था। आरसीबी के मुताबिक, प्रस्तावित एआई कैमरा सिस्टम वीडियो, ऑडियो और टेक्स्ट डाटा के जरिए काम करेगा। यह सिस्टम किसी भी तरह की अवैध एंट्री, घुसपैठ या संभावित सुरक्षा खतरे को पहले ही पहचान लेगा, जिससे समय रहते जरूरी कार्रवाई की जा सकेगी।

## टी-20 वर्ल्डकप विवाद सुलझाने ढाका जाएंगे आईसीसी के दो अधिकारी

### बांग्लादेश वेन्यू बदलने की मांग पर अड़ा, बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाया था







ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के 2 अधिकारी टी-20 वर्ल्ड कप विवाद सुलझाने के लिए ढाका जाएंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर इफ्तेखार रहमान ने क्रिकबज को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आईसीसी प्रतिनिधि शनिवार को ढाका पहुंचेंगे। रहमान ने कहा- 'हम उनके साथ बैठने को लेकर उत्सुक हैं। हमें उम्मीद है कि इस मसले का समाधान निकल आएगा।'

शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में होने वाली इस बैठक में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों के साथ मोहम्मद यूनुस सरकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। 13 जनवरी को बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने वीडियो कॉल में नाराजगी जाहिर करते हुए बातचीत को लगभग बंद कर दिया था। अब आईसीसी ने एक बार फिर बांग्लादेश बोर्ड से संपर्क किया।

बीसीबी ने मीडिया रिलीज में कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंस में हमने अपनी मांग दोहराई है। आईसीसी ने हमें बताया है कि शेड्यूल घोषित हो चुका है। उसने हमसे भारत में न खेलने के फैसले पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है। हमने अपना फैसला नहीं बदला है। प्लेयर्स, ऑफिशियल और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्रायोरिटी है। हम समाधान निकालने के लिए आईसीसी से बातचीत जारी रखेंगे।

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर विवाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईसीसी में खेलने की अनुमति नहीं दी है। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था।

इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की। 7 फरवरी को बांग्लादेश का पहला मैच टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है।

## अंडर-19 वर्ल्डकप में भारत की लगातार दूसरी जीत




ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलावायो

भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने बांग्लादेश को बारिश से प्रभावित मैच में 18 रन से हराया। बुलावायो में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

भारत पहले खेलते हुए 48.4 ओवर में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को 49 ओवर में 239 रन का टारगेट दिया, जिसे बारिश के कारण रिवाइज करके 29 ओवर में 165 रन कर दिया गया।

आखिर में बांग्लादेशी टीम ने 28.3 ओवर में 146 ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए विहान मल्होत्रा ने 4 विकेट झटके। भारतीय टीम से अभिज्ञान कुंडू (80 रन) और वैभव सूर्यवंशी (72 रन) ने फिफ्टी लगाई। वैभव सूर्यवंशी ने सूर्यकुमार यादव जैसा कैच पकड़ा वैभव सूर्यवंशी ने बांग्लादेश की पारी के 26वें ओवर में बाउंड्री पर ठीक वैसा कैच पकड़ा, जैसा सूर्यकुमार यादव ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में पकड़ा था। वैभव के कैच से मोहम्मद समियुन बसीर रतुल 2 रन बनाकर आउट और दबाव बना। मैच के बाद दोनों टीमों ने हाथ मिलाया मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आपस में हाथ मिलाया।



सीआईआई का व्यापार विश्वास सूचकांक

## लगातार तीसरी तिमाही में बढ़कर 66.5 पर, पांच तिमाहियों में सबसे ज्यादा



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सीआईआई ने सर्वे में कहा, अक्तूबर से दिसंबर में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स लगातार तीसरी तिमाही बढ़कर 66.5 हो गया है। यह बीते पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। 72 प्रतिशत कंपनियों को जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी खपत के कारण दिसंबर तिमाही में और वृद्धि की उम्मीद है।

भारत में व्यवसायों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। घरेलू स्तर पर मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। ऐसे में सरकार से आम बजट 2026-27 में सुधारों को जारी रखने की उम्मीद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सर्वे में कहा, अक्तूबर से दिसंबर में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स लगातार तीसरी तिमाही बढ़कर 66.5 हो गया है। यह बीते पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। 72 प्रतिशत कंपनियों को जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी खपत के कारण दिसंबर तिमाही में और वृद्धि की उम्मीद है।

उद्योग संगठन ने सर्वेक्षण में कहा, घरेलू मांग प्रमुख चालक बनी हुई है। इसमें दो-तिहाई कंपनियों ने सितंबर तिमाही में अधिक मांग दर्ज की है। सीआईआई-व्यापार विश्वास सूचकांक (बीसीआई) विभिन्न क्षेत्रों के सूक्ष्म, लघु, मध्यम और बड़े उद्यमों सहित सभी उद्योग क्षेत्रों को कवर करने वाली कंपनियों के नमूना सर्वेक्षण पर आधारित है। सर्वेक्षण में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के उद्योग समूहों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं को भी शामिल किया गया है। यह सर्वेक्षण दिसंबर, 2025 के पहले से तीसरे सप्ताह के दौरान किया गया था। इसमें विभिन्न आकारों की 175 से अधिक कंपनियों को शामिल किया गया था।

डिग्री पर भारी हुनरः भारतीय ब्लू-कॉलर जॉब मार्केट में दिख रहा बड़ा बदलाव

# अब '10वीं पास' नहीं होने पर भी काम


ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत के ब्लू-कॉलर भर्ती क्षेत्र में औपचारिक डिग्री की तुलना में व्यावहारिक कौशल को प्राथमिकता दी जा रही है। '10वीं से कम' शिक्षा अब सबसे पसंदीदा योग्यता बन गई है, जो देश के श्रम बाजार में एक बड़े बदलाव का संकेत है। रिपोर्ट में और क्या खास है? विस्तार से जानें।

भारत के ब्लू-कॉलर और ग्रे-कॉलर भर्ती क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। अब नियोक्ता औपचारिक शिक्षा या डिग्री के बजाय व्यावहारिक कौशल, काम करने की तत्परता और ऑन-फील्ड अनुभव को अधिक तरजीह दे रहे हैं। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, कई प्रमुख क्षेत्रों में अब बिना किसी शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। ब्लू और ग्रे-कॉलर भर्ती प्लेटफॉर्म 'वर्कइंडिया' की रिपोर्ट 'द एसेंडेंस ऑफ स्किल्स इन इंडियन ब्लू-कॉलर हायरिंग' में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि अब नौकरी के विज्ञापनों में '10वीं से कम' शिक्षा सबसे पसंदीदा योग्यता बनकर उभरी है। यह पारंपरिक शिक्षा पर आधारित फिल्टर से हटकर कौशल पर आधारित भर्ती की ओर बढ़ने जैसा है।

**देश के श्रम बाजार कैसे बदल रहा-** भारत का श्रम बाजार एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वर्कइंडिया के सह-संस्थापक और सीईओ नीलेश डूंगरवाल के अनुसार, नियोक्ता अब औपचारिक डिग्री की जगह पर कौशल, विश्वसनीयता और 'जॉब रेडीनेस' को प्राथमिकता दे रहे हैं। डूंगरवाल ने इस बदलाव के बारे में बताते हुए कहा, ₹यह परिवर्तन ब्लू-कॉलर भर्ती को कहीं अधिक समावेशी बना रहा है, इससे उन लाखों भारतीयों के लिए सार्थक अवसर पैदा हो रहे हैं जिनके पास औपचारिक शिक्षा नहीं है, लेकिन वे देश के आर्थिक इंजन को शक्ति देने के लिए आवश्यक कौशल जानते हैं₹।

**भर्ती के मामले में महानगरों और छोटे शहरों की क्या भूमिका-** भर्ती के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि ब्लू-कॉलर नौकरियों का सृजन अब केवल बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रह गया है। वर्तमान में दिल्ली 26 प्रतिशत के साथ नौकरी के विज्ञापनों में सबसे आगे है, लेकिन मांग अब तेजी से टियर-क्क और टियर-क्क्क शहरों की ओर बढ़ रही है। यह विकेंद्रीकरण (डीसेंट्रलाइजेशन) इस बात का प्रमाण है कि ब्लू-कॉलर नौकरियों के अवसर अब पूरे देश के श्रमिकों के लिए अधिक सुलभ है और छोटे शहरों में स्थानीय स्तर पर भी लोगों को काम के मौके मिल रहे हैं। यह रिपोर्ट 2025 के दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद 9,92,213 नियोक्ताओं और 1,01,76,783 कर्मचारियों के डेटा और इनपुट के आधार पर तैयार किया गया है।



### रिपोर्ट में क्षेत्रीय रुझान और आधी आबादी के बारे में क्या?

- रिपोर्ट में विभिन्न क्षेत्रों में लिंग-आधारित भर्ती पैटर्न पर भी महत्वपूर्ण डेटा साझा किया गया है-
- **डिलीवरी सेक्टर**ः इस क्षेत्र में पुरुष उम्मीदवारों के लिए सबसे अधिक प्राथमिकता बनी हुई है।
- **टेलीकॉलिंग**ः महिला उम्मीदवारों की भर्ती के मामले में टेलीकॉलिंग सेक्टर सबसे आगे है।

यह साफ है कि हाई-वॉल्यूम और फ्रंटलाइन क्षेत्रों में परिचालन कौशल ही भर्ती का मुख्य आधार बन गए हैं।

### 2026 में रोजगार के मोर्चे पर क्या बदलेगा?

वर्कइंडिया का अनुमान है कि 2026 में कंपनियां जैसे-जैसे अपने व्यवसाय परिचालन का विस्तार करेंगे, उनका ध्यान गति, दक्षता और कार्यबल के लचीलेपन पर केंद्रित होगा। भारत में ब्लू-कॉलर भर्ती का यह नया मॉडल न केवल रोजगार के पारंपरिक पैमानों को तोड़ रहा है, बल्कि कुशल कार्यबल के लिए नए रास्ते भी खोल रहा है। औपचारिक शिक्षा की बाधा हटने से देश की एक बड़ी आबादी को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में शामिल होने का मौका मिल रहा है।

मोमेंटम इन्वेस्टिंग

## ट्रेंड्स को मुनाफे में बदलने की रणनीति



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

निवेश की दुनिया में वैल्यू से आगे निकलकर मोमेंटम इन्वेस्टिंग चर्चा में है, जहां मंत्र है- महंगा खरीदो और उससे भी महंगे पर बेचो। आंकड़े बताते हैं कि सही रफ्तार पकड़ने पर यह रणनीति पारंपरिक निवेश से कहीं ज्यादा रिटर्न दे सकती है। लेकिन सवाल यही है कि क्या आप इस तेज रफ्तार खेल में सही समय पर चढ़ने और उतरने का हुनर रखते हैं?

बचपन से हमें सिखाया गया है कि सस्ता खरीदो और महंगा बेचो। निवेश की दुनिया में इसे वैल्यू इन्वेस्टिंग कहते हैं। आज के दौर में एक नई और आक्रामक रणनीति मोमेंटम इन्वेस्टिंग की खूब चर्चा है। इसका मंत्र है, महंगा खरीदो और उससे भी ज्यादा महंगे पर बेचो। दिग्गज एक्सपर्ट कहते हैं, जब बाजार किसी शेयर को ऊपर ले जा रहा है, तो बाजार से बहस मत करो, उसके साथ चलो। यह मोमेंटम इन्वेस्टिंग का मूल मंत्र है। मोमेंटम निवेशक अस्थिरता को दोस्त मानते हैं। स्थिर बाजार में ज्यादा कमाई नहीं होती, उतार-चढ़ाव वाले शेयर ही अल्फा रिटर्न पैदा करने का मौका देते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग का सीधा सिद्धांत है-महंगा खरीदो और उससे भी कहीं ज्यादा महंगे पर बेचो। यह उन खिलाड़ियों के लिए है, जो चलती ट्रेन में चढ़ना जानते हैं और सही स्टेशन पर उतरना भी। आज के दौर में डाटा और सूचनाएं बिजली की रफ्तार से दौड़ती हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग इसी रफ्तार का फायदा उठाती है। निवेशक उन शेयरों की तलाश करते हैं, जिन्होंने पिछले 3-12 महीनों में लगातार ऊपर की ओर रुझान दिखाया है। यह माना जाता है कि मजबूत मांग के कारण कीमतें बढ़ती रहेंगी। बाजार प्रतिभागी अक्सर जीतने वाले शेयरों के पीछे भागते हैं और हारने वालों को बेचते हैं।

थोक महंगाई दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर, दिसंबर में 0.83% हुई

# विनिर्माण और खाद्य कीमतों में तेजी का असर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिसंबर 2025 में भारत की थोक मुद्रास्फीति आठ महीने के उच्च स्तर 0.83% पर पहुंच गई है। विनिर्माण और खाद्य उत्पादों की कीमतों में आए बदलावों और आरबीआई की मौद्रिक नीति के प्रभाव पर पढ़ें विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट।

भारत की थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में दिसंबर 2025 के दौरान उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 0.83% पर पहुंच गई, जो पिछले आठ महीनों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि नवंबर में दर्ज किए गए 0.32% के संकुचन के बाद आई है, जो बाजार विशेषज्ञों की 0.30% की उम्मीदों से काफी अधिक है।

- **विनिर्माण और खाद्य कीमतों का कीमतों पर क्या असर-** दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति के सकारात्मक क्षेत्र में आने का मुख्य कारण विनिर्माण, खनिजों और खाद्य उत्पादों की कीमतों में हुआ बदलाव है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाने-पीने के चीजों की कीमतों में इजाफा दिख रहा है।
- **थोक महंगाई बढ़ने के प्रमुख कारण क्या हैं-** विनिर्मित उत्पादः इस श्रेणी में मुद्रास्फीति नवंबर के 1.33% से बढ़कर दिसंबर में 1.82% हो गई। इसमें मशीनरी, उपकरण, कपड़ा और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों का प्रमुख योगदान रहा।
- **खाद्य मुद्रास्फीति**ः नवंबर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 2.60% की गिरावट देखी गई थी, लेकिन दिसंबर में यह शून्य (0.00%) पर स्थिर रही, जिससे समग्र सूचकांक को समर्थन मिला।
- **प्राथमिक वस्तुएं**ः प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति दर नवंबर के -2.93% से सुधरकर दिसंबर में 0.21% पर पहुंच गई।



### रसोई से जुड़े सामानों पर कीमतों पर क्या असर?

खाद्य क्षेत्र में 'डिफ्लेशन' (कीमतों में गिरावट) के कम होने से मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है। हालांकि सब्जियों की कीमतों में साल-दर-साल आधार पर 3.5% की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह नवंबर में हुई 20.23% की भारी गिरावट की तुलना में काफी कम है। प्याज की कीमतों में गिरावट जारी रही, लेकिन इसकी गति 64.70% (नवंबर) से घटकर 54.40% (दिसंबर) रह गई। आलू की कीमतों में 38.21% और दालों में 13.88% का संकुचन देखा गया। दूसरी ओर, दूध की कीमतों में 3.23% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

### वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में आरबीआई की क्या रणनीति?

थोक के साथ-साथ खुदरा मुद्रास्फीति भी दिसंबर में बढ़कर 1.3% के तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जो नवंबर में 0.7% थी। इसके बावजूद, यह लगातार चौथा महीना है जब मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के 4% के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने हाल ही में नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को भी 2.6% से घटाकर 2.0% कर दिया है। आरबीआई ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'गोल्डिलॉक्स पीरियड' (उच्च विकास और कम मुद्रास्फीति की स्थिति) में बताया है, जहां दूसरी तिमाही में जीडीपी विकास दर 8.2% रही है। थोक मुद्रास्फीति में आई यह तेजी आर्थिक गतिविधियों में सुधार और विनिर्माण क्षेत्र में मजबूती का संकेत देती है। हालांकि ईंधन और बिजली क्षेत्र अभी भी -2.31% के साथ नकारात्मक दायरे में बना हुआ है।

टेक दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी टकराव

# ओपन आई और माइक्रोसॉफ्ट पर ठोका 134 अरब डॉलर का दावा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दुनिया के सबसे चर्चित टेक उद्यमियों में शामिल एलॉन मस्क ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अग्रणी कंपनियों ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े हजार्ने के दावों में से एक दायर कर टेक इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। मस्क ने इन दोनों कंपनियों से 79 अरब डॉलर से लेकर 134 अरब डॉलर तक के हजार्ने की मांग की है। उनका आरोप है कि चैटजीपीटी बनाने वाली ओपनएआई ने अपनी गैर-लाभकारी संस्था के मूल सिद्धांतों को त्याग दिया और माइक्रोसॉफ्ट के साथ गठजोड़ कर व्यावसायिक लाभ को प्राथमिकता दी, जो उनके साथ किया गया सीधा धोखा है। यह याचिका शुक्रवार को अदालत में दाखिल की गई और इसके साथ ही यह मामला टेक जगत का सबसे बड़ा कानूनी विवाद बनकर उभरा है।

इस मुकदमे की टाइमिंग भी बेहद अहम मानी जा रही है। एक दिन पहले ही एक फेडरल जज ने ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट की उस कोशिश को खारिज कर दिया था, जिसके तहत वे जूरी ट्रायल से बचना चाह रहे थे। अदालत के इस फैसले के बाद अब यह केस अप्रैल के आखिर में ट्रायल के लिए तय हो गया है। कानूनी जानकारों का कहना है कि यह मुकदमा न सिर्फ एआई इंडस्ट्री बल्कि स्टार्टअप फंडिंग, कॉरपोरेट गवर्नेंस और गैर-लाभकारी संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी दूरगामी असर डाल सकता है। एलॉन मस्क का कहना है कि उन्होंने 2015 में ओपनएआई की सह-स्थापना इस सोच के साथ की थी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास मानवता के हित में, खुले और गैर-लाभकारी मॉडल के तहत किया जाएगा। शुरूआती वर्षों में मस्क ने ओपनएआई को करीब 38 मिलियन डॉलर की फंडिंग दी और तकनीकी सलाह से लेकर रणनीतिक दिशा तक में सक्रिय भूमिका निभाई। मस्क का आरोप है कि बाद के वर्षों में ओपनएआई ने अपने इस मूल उद्देश्य से हटकर माइक्रोसॉफ्ट के साथ गहरा व्यावसायिक समझौता कर लिया, जिससे कंपनी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया।

# नोएडा में कार समेत दलदल में गिरा इंजीनियर, मौत

## 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाता रहा; पिता को फोन कर कहा- मैं मरना नहीं चाहता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नोएडा में घने कोहरे की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दलदल में गिरकर मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा- पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। इसके बाद कार समेत नाले के पानी से भरे 30 फीट गहरे दलदल में समा गया। इंजीनियर युवराज मेहता अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। रास्ते में एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले की दीवार तोड़ते हुए 30 फीट गहरे पानी से भरे दलदल में गड्ढे में गिर गई।

युवराज की कार गड्ढे में गिरते ही दलदल में समाने लगी। युवराज किसी तरह कार से निकलकर उसके ऊपर चढ़ गए। पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह भी फोर्स के साथ वहां आए। दमकल कर्मी भी छोटी-बड़ी क्रेन के साथ पहुंचे।

युवराज से कुछ ही मीटर दूर पिता और तमाम फोर्स थी, लेकिन कोहरे की वजह से वह एक-दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। वह मोबाइल का टॉर्च जलाकर चिल्लाता रहा- पापा मुझे बचा लो, मेरी कार डूब रही है। कुछ ही समय में उसकी आवाज आनी बंद हो गई। करीब ढाई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। घटना शुक्रवार देर रात की है।

## कार नाली को पार करते ही नाले के पानी से भरे दलदल में गिर गई

16 जनवरी की रात करीब 12 बजे युवराज मेहता (27) अपनी ग्रैंड विटारा कार से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। सेक्टर-150 मोड़ पर यूटर्न था। कोहरे की वजह से उन्हें आगे का रास्ता नहीं दिखा और उनकी कार नाले को तोड़ते हुए पानी से भरे प्लॉट के गड्ढे में गिर गई। मॉल के बेसमेंट के लिए यहां 30 फीट का गड्ढा खोदा गया था।

युवराज किसी तरह डूबती कार से बाहर निकलकर उसकी छत पर चढ़ गए। 12.20 बजे उन्होंने अपने पिता को फोन करके हादसे की जानकारी दी। पिता ने तुरंत डायल-112 पर घटना की सूचना दी। कुछ ही मिनट में पिता वहां पहुंच गए। करीब 30 मिनट बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंचीं। रात 1.15 बजे एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची।

NDRF के पहुंचने से पहले डूब चुका था उस समय घने कोहरे की वजह से युवराज की सिर्फ आवाजें ही सुनाई दे रही थी। युवराज करीब 80 मिनट तक चिल्लाता रहा कि कोई मुझे बचा लो। कार जल्दी ही डूब जाएगी। लेकिन कोई उसकी मदद नहीं कर सकता। फिर पौने दो बजे के करीब गड्ढे भरे पानी में कार समेत युवराज डूब गए। 1.55 पर एनडीआरएफ की टीम भी गाजियाबाद से मौके पर पहुंची। सुबह करीब 4:30 शव को बाहर निकाला गया।

'कोई भी पानी में उतरने को तैयार नहीं था' घटना के चश्मदीद मुनेंद्र, जो एक डिलीवरी बॉय है। उन्होंने बताया- रात में डिलीवरी करते समय मैंने घटनास्थल पर भीड़ देखी। पुलिस भी मौजूद थी।

# मुंबई का मेयर महायुति का ही होगा; भाजपा के बाद शिवसेना दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी

## शिंदे ने होटल में 29 पार्षदों से मुलाकात की

### होटल से ही चुनेंगे नेता, 2022 की बगावत की यादें ताजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



बीएमसी चुनाव रिजल्ट के दो दिन बाद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि मुंबई का मेयर महायुति गठबंधन से ही बनेगा। भारतीय जनता पार्टी के बाद शिवसेना दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

शिंदे ने बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में मौजूद पार्टी के सभी 29 पार्षदों से मुलाकात की। पार्षदों को रिजल्ट आने के बाद ही होटल शिफ्ट कर दिया गया था। शिंदे ने कहा, मुझे चुनाव जीतकर आए नए लोगों को गाइड करना है। वे सभी यहां इकट्ठा हुए हैं। हम बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं।

बीएमसी सहित महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों का रिजल्ट 16 जनवरी को आया था। मुंबई के 227 वार्डों में भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट ने 29 वार्ड जीते हैं। बहुमत के आंकड़े 114 के लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों की जरूरत है। एक तरफ शिंदे जहां मेयर पद के लिए महायुति कैंडिडेट पर सहमति जता रहे हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट चाहता है कि कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। क्योंकि साल 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती, तो सत्ता के समीकरण बिगड़ सकते हैं। इसके चलते शिंदे ने तय किया है कि होटल में ही बैठक कर पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हॉर्स-ट्रेडिंग को रोकने के लिए यह सब किया जा रहा है। सभी 29 पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। यानी अगले 3 दिन वहीं रहना होगा। इससे पहले 2017 में नगर निगम चुनावों के बाद अविभाजित शिवसेना ने 7 मनसे कॉर्पोरेटर का दलबदल करवाया था। शिंदे गुट का पार्षदों को होटल में रखना, 2022 की उस बगावत की भी यादें ताजा कर रहा है, जिसके कारण शिवसेना टूट गई थी।

### बीएमसी चुनाव 2026

कुल सीटें: 227 | बहुमत- 114

| | |
|---|---|
| भाजपा | 89 |
| शिवसेना (शिंदे) | 29 |
| एनसीपी (अजित) | 3 |
| शिवसेना (उद्धव) | 65 |
| एनसीपी (शरद पवार) | 1 |
| MNS | 6 |
| कांग्रेस | 24 |
| अन्य | 10 |

# मोदी बोले-बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे:घुसपैठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता/गुवाहाटी



पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में ₹6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो। टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा।

# राजनाथ सिंह ने गाइडेड-पिनाका रॉकेट सिस्टम को हरी झंडी दिखाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

नागपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड के प्लांट से ह्गाइडेड पिनाकाह्व रॉकेट सिस्टम को हरी झंडी दिखाई। इसी प्लांट से अब गाइडेड पिनाका का एक्सपोर्ट आर्मेनिया को किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने रुञ्छ की मीडियम कैलिबर एम्युनिशन फैसिलिटी का भी उद्घाटन किया और रॉकेट असेंबली एरिया का निरीक्षण किया।

सिंह ने डिफेंस प्रोडक्शन में प्राइवेट सेक्टर की तारीफ करते हुए कहा कि निजी कंपनियां अब आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत योगदान दे रही हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का लक्ष्य गोला-बारूद उत्पादन का ग्लोबल हब बनना है। पहले गोला-बारूद की कमी की वजह से आधुनिक हथियारों का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाता था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। आज कई तरह का एम्युनिशन पूरी तरह भारत में बनाया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नागपुर की इस फैसिलिटी से पिनाका मिसाइलों का एक्सपोर्ट शुरू होना भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इससे न सिर्फ देश की रक्षा उद्योग की ताकत दिखती है, बल्कि भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि कई अन्य देश भी पिनाका सिस्टम खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। सभी टेस्ट पूरे होने के बाद भारतीय सशस्त्र बल भी इसे देश की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करेंगे।

## जयपुर-दिल्ली हाईवे पर 1 किलोमीटर तक केमिकल रिसाव, 400 मीटर तक फैली आग

# टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत के बाद लगी भीषण आग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर


कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा में जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर केमिकल से भरे टैंकर और ट्रेलर में भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद टैंकर में भरा केमिकल 1 किलोमीटर तक सड़क पर फैल गया। इस दौरान दोनों वाहनों में आग लग गई।

गनीमत रही कि दोनों वाहनों के ड्राइवर समय रहते बाहर निकल गए। गाड़ियों में लगी आग केमिकल रिसाव के कारण करीब 400 मीटर तक फैल गई। इस दौरान सड़क पर ट्रैफिक रोक दिया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे की सूचना के बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश में जुट गई। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। क्रेन की मदद से टैंकर और ट्रेलर को रास्ते से हटाने की कोशिश की गई। इस दौरान टैंकर से हल्का केमिकल निकला तो फिर आग लग गई।

प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम चौधरी ने बताया- रविवार रात 8:30 बजे केमिकल से भरे टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। टैंकर जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा था। इस दौरान पावटा बस स्टैंड के पास टैंकर बेकाबू होकर जयपुर की तरफ जा रहे ट्रेलर से टकरा गया। भिड़ंत के बाद टैंकर में भरा केमिकल 1 किलोमीटर तक सड़क पर फैल गया। इस दौरान दोनों वाहनों में आग लग गई, जो सड़क पर फैले केमिकल से बढ़ती गई और विकराल रूप ले लिया। आग पावटा उप जिला अस्पताल के पास से खार नली पुलिया तक करीब 400 मीटर तक फैल गई। थानाधिकारी ने बताया- सुरक्षा की दृष्टि से हाईवे पर ट्रैफिक को रोक दिया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश में जुट गई। हादसे की सूचना मिलने पर कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी मौके पर पहुंचीं और जानकारी ली। आग के विकराल रूप के कारण बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### ग्रीनलैंड क्यों बना दुनिया का नया हॉटस्पॉट:

# आर्कटिक की बर्फ पिघलने से हमले का खतरा बढ़ा; लाखों टन खनिज पर ट्रम्प-पुतिन-जिनपिंग की नजर




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका और रूस के बीच मौजूद ग्रीनलैंड अब धीरे-धीरे बहुत अहम इलाका बनता जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह है दुनिया का गर्म होना और आर्कटिक में बर्फ का पिघलना। जब बर्फ कम हो रही है, तो वहां नए समुद्री रास्ते खुल रहे हैं और जमीन के नीचे छिपे संसाधन भी सामने आ रहे हैं।

इसी वजह से ग्रीनलैंड अब सेना, कारोबार और प्राकृतिक संसाधनों के लिहाज से पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीनलैंड दुर्लभ खनिजों के मामले में दुनिया में आठवें स्थान पर है और यहां लगभग 15 लाख टन खनिज भंडार होने का अनुमान है।

ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड को खरीदने की इच्छा जताई थी। तब इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसे



सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी या दिखावा मानकर नजरअंदाज कर दिया था। अब हालात काफी बदल चुके हैं। ट्रम्प अब इस पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। अब इसे गंभीर चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है।

पहले जिन समुद्री इलाकों तक मोटी बर्फ की वजह से पहुंचना नामुमकिन था, वहां गर्मी की वजह से पानी के रास्ते खुल रहे हैं।

## आर्कटिक में बन रहे दुनिया के नए व्यापारिक रास्ते

आर्कटिक वह इलाका है, जहां दुनिया की कई बड़ी ताकतें एक-दूसरे के बहुत करीब आ जाती हैं। यहां रूस, कनाडा, अमेरिका और ग्रीनलैंड लगभग आमने-सामने हैं। इसी वजह से इस इलाके को लेकर देशों के बीच मुकाबला बढ़ता जा रहा है।

इस प्रतिस्पर्धा की तीन बड़ी वजहें हैं- 1. तेल, गैस और दुर्लभ खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधनों की बढ़ती जरूरत 2. दुनियाभर में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव, जहां हर देश अपनी ताकत दिखाना चाहता है 3. सबसे अहम वजह है जलवायु परिवर्तन

दुनिया के गर्म होने से आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है। जो इलाका पहले बर्फ की वजह से छिपा रहता था, वह अब धीरे-धीरे खुलने लगा है। ऐसा लग रहा है जैसे दुनिया के नक्शे पर एक नया इलाका अचानक उभर आया हो। इसी नए मौके पर कब्जा जमाने के लिए देशों के बीच होड़ मची हुई है।

## ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ग्रीनलैंड की अहमियत बढ़ी

ग्लोबल वार्मिंग की वजह से आर्कटिक में अब नए समुद्री रास्ते बन रहे हैं, जिनका इस्तेमाल व्यापारिक जहाज कर सकते हैं। ये रास्ते एशिया, यूरोप और अमेरिका के बीच सफर को छोटा और सस्ता बना सकते हैं, इसलिए बड़ी ताकतों की नजर अब इन पर है। सिर्फ समुद्री रास्ते ही नहीं, बर्फ के नीचे दबे कीमती प्राकृतिक संसाधन भी अब दिखने लगे हैं। माना जाता है कि ग्रीनलैंड और आर्कटिक क्षेत्र में तेल, गैस, दुर्लभ खनिज और दूसरी अहम धातुओं का बड़ा भंडार मौजूद है। जैसे-जैसे बर्फ पिघल रही है, इन संसाधनों को निकालना आसान होता जा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका, रूस और दूसरी बड़ी ताकतें इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं। इन सभी कारणों से ग्रीनलैंड अब सिर्फ बर्फ से ढंका एक दूरदराज इलाका नहीं रह गया है। यह धीरे-धीरे वैश्विक राजनीति का अहम केंद्र बनता जा रहा है, जहां भविष्य में देशों के बीच टकराव और प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। ग्रीनलैंड अकेले ही फ्रांस, ब्रिटेन, स्पेन, इटली और जर्मनी जैसे देशों को मिलाकर भी उनसे बड़ा है।

## चिली के जंगल में लगी आग में 18 लोगों की मौत, 50 हजार लोग घर छोड़ने को मजबूर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चिली

चिली के सेंट्रल और दक्षिणी इलाकों में भीषण जंगल की आग से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। आग हजारों एकड़ में फैल गई, सैकड़ों घर जल गए और 50 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़कर भागना पड़ा। बायोबियो और नुबल इलाकों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं, जहां तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा और तेज हवाओं ने आग को और भड़का दिया। सरकार ने आपातकाल घोषित कर सेना की मदद लेने का फैसला किया है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि शुरूआत में मदद देर से पहुंची। कई लोग रात में सोते समय आग से घिर गए और निकल नहीं पाए। आग में घरों के साथ स्कूल, चर्च और कारें भी जल गईं, जबकि कई जगह जली हुई लाशें मिलने से इलाके में मातम पसरा हुआ है।

# स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर

### 21 लोगों की मौत, 73 घायल; दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे

### यात्री बोले- भूंकप जैसा झटका लगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन



स्पेन के कॉडोर्बा प्रांत में रविवार रात एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 73 यात्री घायल हैं। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन पटरी से उतरकर पास की लाइन पर चली गई और वहां मैड्रिडझ्रहुएलवा रूट पर चल रही अश्ए ट्रेन से टकरा गई।

स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो सैंज ने बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है और घायलों को छह अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्रॉडकास्टर फ्थ्श्ए के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया।

जिमेनेज के मुताबिक, ट्रेन शाम 6:40 बजे समय पर मलागा से रवाना हुई थी। कुछ देर बाद अचानक जोरदार झटका लगा और ट्रेन पटरी से उतर गई। इसके बाद यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। कई यात्रियों को खिड़कियों से बाहर निकलने के दौरान चोटें भी आईं। कुछ यात्रियों ने ट्रेन के अंदर धुआं भरने की भी शिकायत की।

## मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच ट्रेन सर्विस सस्पेंड

स्पेन की रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंसी ने बताया कि मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच सभी ट्रेन सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई हैं। मौके पर आपातकालीन सेवाएं तैनात हैं और राहत-बचाव कार्य रातभर जारी रहा।

## मोदी को गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता:ट्रम्प ने पाकिस्तान को भी बुलाया; नाराज इजराइल बोला- बिना बातचीत टीम बनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा के 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में वर के एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। इसके साथ ही पाकिस्तान को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। पाकिस्तान सरकार ने रविवार को इसे कंफर्म किया।

दरअसल गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा के गठन का ऐलान किया है।

इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया गया है। ट्रम्प खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने शनिवार को कहा कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजराइल से बिना बातचीत करे की है। इजराइल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है।

### पाकिस्तान को भी पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता

पाकिस्तान ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया से बातचीत में पुष्टि की कि पाकिस्तान को औपचारिक रूप से यह निमंत्रण मिला है।

ताहिर अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान गाजा में शांति और सुरक्षा से जुड़े अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में हिस्सा लेता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### इजराइल को ट्रम्प के पीस बोर्ड से क्या नाराजगी


नेतन्याहू के ऑफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजराइल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्किए विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। तुर्किए को हमास का समर्थक माना जाता है और इजराइल के साथ इसका संबंध तनावपूर्ण हैं।


तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजराइल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजराइल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इजराइली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने नेतन्याहू के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि गाजा को 'कार्यकारी बोर्ड' की जरूरत नहीं, बल्कि हमास को पूरी तरह खत्म करने और बड़े पैमाने पर खुद से पलायन की जरूरत है।

### पीस बोर्ड के हर सदस्य की अपनी तय जिम्मेदारी होगी

व्हाइट हाउस ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड का हर सदस्य गाजा की स्थिरता और लंबे समय की सफलता से जुड़े एक तय पोर्टफोलियो की जिम्मेदारी संभालेगा। इसमें शासन क्षमता बढ़ाना, क्षेत्रीय संबंध, पुनर्निर्माण, फंडिंग और पूंजी जुटाना शामिल है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, आने वाले हफ्तों में बोर्ड ऑफ पीस और गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड के और सदस्यों की घोषणा की जाएगी। डॉ. अली शाथ के नेतृत्व में काम करेगी। डॉ. शा'थ एक तकनीकी विशेषज्ञ (टेक्नोक्रेट) हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, अली शाथ गाजा में बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं (जैसे पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा) को बहाल करने, नागरिक संस्थाओं को मजबूत करने और रोजमर्रा की जिंदगी को स्थिर करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। ट्रम्प की प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' में सदस्यता को लेकर एक नई रिपोर्ट सामने आई है। ब्लूमबर्ग न्यूज ने शनिवार को रिपोर्ट किया कि बोर्ड के ड्राफ्ट चार्टर में कहा गया है कि देशों को परमानेंट सदस्यता पाने के लिए पहले साल में $1 बिलियन (एक अरब डॉलर) की फीस देनी होगी।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 39 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | ई | श्रे | ने | ह | ति | म | श्व |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | गा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | दा | स | रा | ह | इ | र |
| ब | कम | अ | बु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | नि | ई | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ज | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| बां | र | ल | प | ठ | इ | जा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

डाकू- तुमने मुझे देखा
कलर्क- हां
डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...
आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी...

0000000000000

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला रहा था कार एक खम्भे से टकरा गई
पुलिस : बाहर निकल
व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी
पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है,
व्यक्ति : अरे नहीं साहब पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

00000000

पप्पू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न...
इसलिए डॉक्टर ने बहार की चीज खाने से मना किया है।

00000000

सोनू बहुत दुखी था... किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए
2 लाख रुपए उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...।

00000000

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और न जाने कहां-कहां घुमाते थे... शादी के बाद नहीं ले जाते...
पति- चुनाव के बाद प्रचार देखा है...

00000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट, पैसे खत्म, हॉस्टल में कैद



**ईरान में हम सब अच्छे हैं। शाम को प्रदर्शन होते हैं, लेकिन हम हॉस्टल से नहीं निकलते। आप लोग ज्यादा टेंशन मत लेना। यहां महंगाई की वजह से प्रदर्शन हो रहे हैं। 6 बजे के बाद कर्फ्यू लग जाता है। अभी हमें ईरान छोड़कर भारत लौटने को नहीं कहा गया है। ये भी नहीं पता है कि हम लौटेंगे ही, इसलिए इंतजार मत करना। कश्मीर के बडगाम की रहने वाली अनीका जान ईरान में पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने अपनी खैरियत बताने के लिए एक वीडियो फैमिली को भेजा है। ईरान में 28 दिसंबर से महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ लोग सड़कों पर हैं। इंटरनेट और मोबाइल सेवा बंद है। ईरान का आरोप है कि अमेरिका के दखल के बाद प्रदर्शन हिंसक हो गए। अब तक 2,677 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 19,097 लोग अरेस्ट किए गए हैं। ईरान में प्रदर्शन और हिंसा के बीच अनीका की तरह भारत के करीब 3 हजार मेडिकल स्टूडेंट्स फंसे हैं। परिवारों का आरोप है कि तेहरान में इंडियन एंबेसी मदद नहीं कर रही है। श्रीनगर में रहने वाले अब्दुल हमीद कहते हैं कि बैंक बंद हैं और बच्चों के पास पैसे खत्म हो गए हैं। रोजमर्रा के सामान खरीदना मुश्किल है।**

## फैमिली बोली- बच्चे चावल नहीं खरीद पा रहे

### हॉस्टल में कैद स्टूडेंट्स, खाने-पीने का सामान खत्म हो रहा

कश्मीर के अनंतनाग में रहने वाले हिलाल अहमद भट की बेटी सहर तेहरान यूनिवर्सिटी से टइइर की पढ़ाई कर रही हैं। हिलाल बताते हैं, 'वहां हालात बहुत खराब हैं। बेटी रोज परेशान हो रही है। हमारे रिश्तेदार और यार-दोस्त हमें दिन में 10-10 बार फोन करके उसकी खैरियत पूछ रहे हैं। वो जानना चाहते हैं कि सहर कब और कैसे वापस आ रही है।' क्या एंबेसी से बच्चों को कोई मदद मिल रही है? इस पर हिलाल बताते हैं, 'अफसर बेटी का नाम लिखकर ले गए थे और उसका पासपोर्ट भी लिया था। 15 जनवरी की शाम सहर का फोन आया, तो उसने बताया कि उसे पासपोर्ट लौटा दिया है। आसपास के लोग बार-बार कह रहे हैं कि यहां हालात बिगड़ रहे हैं और आप लोग निकल जाइए। बेटी के कॉलेज वाले भी ईरान छोड़ने की सलाह दे रहे हैं।'

बेटी ने वहां के हालात के बारे में क्या बताया? हिलाल कहते हैं, 'महंगाई आसमान छू रही है। बच्चे हॉस्टल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्हें खाने-पीने की बहुत दिक्कत हो रही है। 250 ग्राम की तेल की



**ईरान में 3 हजार के करीब भारतीय स्टूडेंट्स मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें से करीब दो हजार स्टूडेंट्स जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं। वहां हो रही हिंसा की वजह से उनके परिवार परेशान हैं।**



### ईरान में भारतीय



- **कुल भारतीय :** करीब 10 हजार
- **स्टूडेंट**
  करीब 6 हजार, इनमें करीब **तीन हजार** मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, **करीब 2 हजार** जम्मू-कश्मीर से है
- **पेशेवर**
  करीब 4 हजार, ज्यादातर **तेहरान, मशहद, जाहेदान** और **बंदर अब्बास** जैसे शहरों में काम करते हैं

## क्या महंगाई की वजह से ही हालात बिगड़े हैं?

इस पर वे कहते हैं, 'नहीं, वहां पहले भी महंगाई थी, लेकिन विरोध बढ़ने के बाद से दिक्कत बढ़ गई है। अब खाने-पीने के सामान की कमी हो गई है। बच्चों ने जो सामान पहले से स्टोर करके रखा था, अब वो भी खत्म हो रहा है। हमारे बच्चे बहुत मुश्किलों में जी रहे हैं।' वहां लोगों के जख्मी होने की बात सामने आ रही है? इस पर हिलाल बताते हैं, 'वहां रहने वाले लोग तो ये भी बता रहे हैं कि लाखों लोग जख्मी हैं, लेकिन हम ज्यादा नहीं जानते हैं। बेटी ने इतना जरूर बताया था कि प्रदर्शन के दौरान कश्मीर की एक लड़की जख्मी हुई है। वो कौन है और किस शहर की रहने वाली है, ये नहीं जानते।' हिलाल बेटी की वतन वापसी के लिए सरकार से गुजारिश करते हुए कहते हैं, 'किसी भी तरह हमारी बेटी को वहां से निकाल लाएं। सरकार जो चाहे कर सकती है। सरकार चाहे तो रोज 10 फ्लाइटें चलाकर ईरान में फंसे लोगों को निकाल सकती है। उनके लिए ये कोई काम बड़ा नहीं है। फिर कुछ करके जल्द हमारे बच्चों को भी वहां से निकाल लाइए।'

### एंबेसी एयरलिफ्ट नहीं कर रही, बच्चे टिकट कैसे कराएं

इसके बाद हमने श्रीनगर के रहने वाले सुहेल अहमद काजी से बात की। उनके दोनों बच्चे तेहरान यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। वे बताते हैं, 'इंटरनेट बंद होने की वजह से बेटे और बेटी दोनों से ही पिछले 7-8 दिन से कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा था। 15 जनवरी को कऊ कॉल पर दोनों से बात हो सकी। मुश्किल से एक से दो मिनट की बात करने के बाद कॉल कट गया।'

वे कहते हैं, 'सबकी तरह हम भी अपने बच्चों की सलामती चाहते हैं। सरकार से यही गुजारिश है कि अगर वहां बच्चों को किसी तरह का खतरा है और उन्हें निकालने की जरूरत है तो निकाला जाए।'

श्रीनगर की ही रहने वाली रेहाना अख्तर की बेटी एलीजा भी तेहरान यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। वे बताती हैं, 'अब तक तो बच्चे गाइडलाइन फॉलो कर रहे थे। घर वापसी की उम्मीद में जैसे-तैसे हॉस्टल में रहकर ही दिन काट रहे थे। 16 जनवरी को एंबेसी ने अचानक बच्चों से कह दिया कि अपने खर्च पर ईरान से निकलो।'

'बच्चों ने रिक्वेस्ट भी की थी कि उनके पास पैसे नहीं हैं, ऐसे में टिकट कैसे कराएं। इंटरनेट बंद है, ऐसे में फैमिली भी टिकट नहीं करा सकती है। आप हमें एयरलिफ्ट करने में मदद करिए, लेकिन एंबेसी ने साफ मना कर दिया। अफसरों ने कहा कि हमने एक बार आपको एयरलिफ्ट किया, अब नहीं कर सकते हैं।' 'एंबेसी बच्चों पर ही दबाव बना रही है कि वे जल्द से जल्द यहां से निकलने की कोशिश करें।

### ओवैस 3 साल से ईरान में हैं और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं

कश्मीर के शोपियां के रहने वाले ओवैस का परिवार भी उनकी वापसी के लिए परेशान है। ओवैस 3 साल से ईरान में हैं और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं।

कश्मीर के शोपियां के रहने वाले ओवैस का परिवार भी उनकी वापसी के लिए परेशान है। ओवैस 3 साल से ईरान में हैं और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं।

बच्चों के पास टिकट के पैसे नहीं, मां-बाप लाचार, सरकार मदद करे

श्रीनगर के रहने वाले सुलेमान अहमद का बेटा भी ईरान में पढ़ रहा है। वे जम्मू-कश्मीर सरकार, विदेश मंत्रालय और भारतीय एंबेसी से अपील करते हुए कहते हैं, 'अधिकारियों को स्टूडेंट्स की मुश्किलों को गंभीरता से लेना चाहिए ताकि बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न हो और वे सुरक्षित रहें।'

'हम उनके पेरेंट्स हैं, लेकिन इस वक्त उनके लिए कुछ भी नहीं कर सकते हैं क्योंकि हम लाचार हैं। हमारे पास न तो इतने पैसे हैं और न ही वहां जाने का कोई साधन है। अभी बच्चों के पास इतने पैसे नहीं हैं कि वे टिकट वगैरह करा सकें। सरकार ने ईरान-इजराइल जंग के दौरान भी स्टूडेंट्स को एयरलिफ्ट कराया था। इस बार भी उसी तरह कराना चाहिए। सरकार तय करे कि हमारे बच्चे घर तक सुरक्षित पहुंचें।'

श्रीनगर के ही रहने वाले अब्दुल हमीद कहते हैं, 'ईरान की स्थिति बहुत खराब है। आज तक हमारी राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर एक भी बयान जारी नहीं किया कि हमें थोड़ा सुकून मिल सके। हमारी उनसे अपील है कि वे विदेश मंत्रालय के साथ बातचीत करके हमारे बच्चों को ईरान से निकालने की कोशिश करें।' 'जबसे हमने सुना है कि इंडियन एंबेसी ने स्टूडेंट्स से कहा है कि वो अपने टिकट का इंतजाम खुद करें तो हमारा तनाव बढ़ गया है क्योंकि इस वक्त ये मुमकिन नहीं है। वहां बच्चे बहुत लाचार हैं। बाजार बंद हैं, बैंक बंद हैं, उनके पास पैसे नहीं है। वो बहुत परेशान और निराश हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि सरकार ठोस और वाजिब कदम उठाए और एंबेसी की मदद से बच्चों को घर वापस लाए।'

### स्टूडेंट्स को उनके हाल पर छोड़ा, सरकार के एक्शन से मायूस

जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के नेशनल कन्वीनर नासिर खुएहामी ने बताया कि ईरान में करीब 3 हजार भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। ये अलग-अलग शहरों जैसे मशहद, तेहरान और शिराज में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से करीब 2 हजार स्टूडेंट्स कश्मीर घाटी के हैं। नासिर कहते हैं, ह्यभारत सरकार ने एक सलाह जारी की है, जिसमें भारतीय नागरिकों, स्टूडेंट्स और युवा पेशेवरों से ईरान छोड़ने की गुजारिश की गई है। हालांकि ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और मौजूदा हालात के बीच स्टूडेंट्स परेशान हैं कि वे कहां जाएं। उनके लिए अकेले निकलना सेफ नहीं है।

■ वर्ष-12 अंक-78 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

जटिलो मुण्डी लुञ्छितकेशः, काषायाम्बरबहुकृतवेषः।
पश्यन्नपि च न पश्यति मूढः, उदरनिमित्तं बहुकृतवेषः॥

**भावार्थ** : बड़ी जटाएं, केश रहित सिर, बिखरे बाल , काषाय (भगवा) वस्त्र और भांति भांति के वेश ये सब अपना पेट भरने के लिए ही धारण किये जाते हैं, अरे मोहित मनुष्य तुम इसको देख कर भी क्यों नहीं देख पाते हो।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 19 जनवरी, 2026

कान्ते कान्ता धन गतचिन्ता, वातुल किं तव नास्ति नियन्ता।
त्रिजगति सज्जनसं गतिरैका, भवति भवार्णवतरणे नौका॥

**भावार्थ** : तुम्हें पत्नी और धन की इतनी चिंता क्यों है, क्या उनका कोई नियंत्रक नहीं है तीनों लोकों में केवल सज्जनों का साथ ही इस भवसागर से पार जाने की नौका है।

## दिसम्बरमासे मालवाहनभारात् 572.57 मिलियनरूप्यकाणि

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

पश्चिममध्यरेलमार्गस्य अन्तः जबलपुर, भोपाल, कोटा इत्यादीनां विभागत्रयेषु मालवाहनयानं निरन्तरं वर्धमानम् अस्ति। महाप्रबन्धकस्य मार्गदर्शनेन पश्चिममध्यरेलवे दिसम्बरमासे मालवाहनयातायातस्य मालवाहनराजस्वस्य १७% वृद्धिः प्राप्ता, गतवर्षस्य तस्मिन् एव मासे ४८९.०१ मिलियनस्य तुलने १७% वृद्धिः, रेलवेमण्डलस्य ५३२.०५ मिलियनस्य लक्ष्यस्य अपेक्षया ८% वृद्धिः च अभवत् तथैव डिसेम्बरमासे विभागानुसारं मालवाहनयानयानस्य कुल उत्पत्तिराजस्वं ३९८.३५ मिलियनं, भोपाल् १०२.०५ मिलियनं, कोटा ७२.१८ मिलियनं च प्राप्तम् मालवाहनयानस्य कृते एते प्रयत्नाः क्रियन्ते- मालवाहकयानानां औसतवेगं वर्धयित्वा व्यक्तिगतरेलखण्डानां क्षमता वर्धिता, आधारभूतसंरचना च वर्धिता। परिचालनसुधाराः अपि कृताः सन्ति।

## सम्पादकीयम्

### अहं चीनीयः नास्मि अहं भारतीयः अस्मि

अहं चीनीयः नास्मि, अहं भारतीयः अस्मि। २४ वर्षीयस्य एन्जेल् इत्यस्य मृत्योः कारणात् पूर्वोत्तरे व्यापकः क्रोधः उत्पन्नः अस्ति, अतः जातिवादविरोधी नियमाः प्रवर्तनीयाः। देहरादूननगरे जातिवादीनां टिप्पण्याः कारणेन एकस्य युवकस्य मृत्युः राष्ट्रं स्तब्धं कृतवान् अस्ति। एषा घटना पूर्वोत्तरदेशस्य जनानां प्रति देशे प्रचलितानां गहनमूलानां जातिवादानाम् आकर्षणानां प्रकाशनं करोति। एतादृशाः घटनाः देशस्य एकतायाः अखण्डतायाः च कृते खतराम् उत्पद्यन्ते। अस्मिन् प्रकरणे कठोरकायार्णां, जातिवादविरोधीकानूनस्य च आग्रहाः सन्ति। अहं भारतीयः... देहरादूननगरे मृतस्य त्रिपुरादेशस्य एन्जेल् चकमा इत्यस्य एतानि अन्तिमानि वचनानि प्रत्येकं भारतीयं स्तब्धं कर्तव्यम्। स्वपरिचयेन सह संघर्षं कुर्वन् युवकः स्वप्राणान् त्यागं कर्तुं प्रवृत्तः आसीत्। देशस्य अन्तः देशस्य कतिपयेभ्यः भागेभ्यः जनानां भारतीयत्वस्य विषये पुनः पुनः प्रश्नः भवति इति लज्जाजनकम्। आक्षेपार्हटिप्पणयः २४ वर्षीयः एन्जेल् विगतवर्षात् देहरादूननगरे एमबीए-परीक्षां कुर्वन् आसीत्। दिनाङ्के सः स्वभ्रात्रा माइकल इत्यनेन सह किञ्चित् किराणां वस्तूनि क्रेतुं बहिः गतः आसीत् यदा केचन बालकाः आक्षेपार्हं टिप्पण्यानि कृतवन्तः। यदा एन्जेल् विरोधं कृतवान् यत् वयं चीनदेशीयाः न स्मः तदा अभियुक्तः तस्य उपरि छूरेण आक्रमणं कृतवान्। एन्जेल् शुक्रवासरे मृतः, माइकलस्य स्थितिः गम्भीरः अस्ति।

### राहुलगान्धी इन्दौरनगरम् आगतः, मृतानां परिवारेभ्यः आर्थिकसहायतां अपि अयच्छत्

# जलपानेन जनाः म्रियन्ते एतत् नगरीयं आदर्शम् इति



ब्रह्मास्त्र ›› इन्दौर

वरिष्ठः काङ्ग्रेसनेता लोकसभायां विपक्षनेता च राहुलगान्धी 17 जनवरी शनिवासरे इन्दौरनगरम् आगतः। सः दूषितजलं पिबन् रोगिभिः सह मृतानां परिवारैः सह मिलितवान्। राहुलः प्रथमं बम्बई-अस्पतालं गतः, तत्र दूषितजलेन प्रभावितैः रोगिभिः परिवारैः च सह मिलितवान्।

मृतानां परिवारैः सह मिलित्वा राहुलः अवदत् यत्, इदं नूतनं मॉडलं स्मार्ट सिटी अस्ति। अत्र पेयजलं नास्ति। जलं पिबन् परिवाराः रोगाक्रान्ता अभवन्। अस्य अर्थः अस्ति यत् इन्दौरे स्वच्छजलं प्राप्तुं न शक्यते। एतत् नगरीयं मॉडलम् अस्ति। सर्वकारः स्वस्य उत्तरदायित्वं न निर्वहति। राहुलगान्धी स्पष्टतया अवदत् यत् यदि कोऽपि एतां राजनीतिं विचारयति तर्हि तेषां विचारः कर्तव्यः, परन्तु जनानां स्वच्छजलस्य उपलब्धिः भवेत्। सः राहुलस्य प्रशासनं, सर्वकारस्य कार्याणि च प्रत्यक्षतया आक्रमणं कृतवान्।

ततः पूर्वं राहुलः भागीरथपुरम् आगत्य दूषितजलस्य कारणेन प्राणान् त्यक्तवन्तः गीता बाई जीवनलालयोः परिवारैः सह मिलितवान्। सः उभयपरिवारेभ्यः चेकं प्रदत्तवान्। तदनन्तरं राहुलगान्धी संस्कारोद्यानं गतः, तत्र अन्यैः प्रभावितैः परिवारैः सह मिलितवान्। राहुलः प्रत्येकं एकलक्षरूप्यकाणां चेकं दत्तवान्, सिंघरः ५०,००० रुप्यकाणां चेकं दत्तवान्। राहुलस्य सह पूर्वमुख्यमन्त्री दिग्विजयसिंहः, प्रदेशप्रभारी हरीशचौधरी, प्रदेशकाङ्ग्रेसस्य अध्यक्षः जीतू पटवारी, विपक्षस्य नेता उमाङ्गसिंहरः, अजयसिंहः च उपस्थिताः आसन्।

राहुलः अवदत् यत् जलं पिबन्तः जनाः म्रियन्ते, एतत् नगरीयं आदर्शम् अस्ति। भागीरथपुरे मृतानां परिवारान् मिलित्वा राहुलः अवदत् यत्, जनाः स्वपरिवारेषु मृताः। ते रोगाक्रान्ताः। देशाय स्मार्ट-नगराणि दास्यन्ति इति उक्तम्। एतत् नूतनं आदर्शं स्मार्ट-नगरम् अस्ति। पेयजलं नास्ति। जनाः भयभीताः भवन्ति। जलं पिबन् सम्पूर्णाः परिवाराः रोगाक्रान्ताः। अस्य अर्थः अस्ति यत् इन्दौर-नगरे स्वच्छजलं न प्राप्यते। एतत् पिबन् जनाः म्रियन्ते। एतत् एव। नगरीयप्रतिरूपम् इति। उत्तरदायित्वं सर्वकारेण ग्रहीतव्यम्। राहुलः अवदत् यत्, एतत् केवलं इन्दौरनगरे एव नास्ति। एतत् बहुषु नगरेषु भवति।

### मकरराशिस्थपञ्चग्रहाः

## ब्रह्माण्डगतिविज्ञानं परिवर्त्य त्रयाणां राशिनां कृते भाग्यस्य द्वारं उद्घाटितवन्तः

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

२०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य यदा सूर्यस्य प्रथमकिरणाः पृथिव्यां अवतरन्ति स्म तदा आकाशे दुर्लभा खगोलीयज्योतिषी घटना अभवत्, येन ज्योतिषजगत् डिजिटलजगत्पर्यन्तं हलचलः उत्पन्नः मकरराशिसमागमेन सूर्यचन्द्रमङ्गलबुधशुक्रयोः निर्मितः पञ्चग्रहसन्धिः अस्मिन् क्षणे चचार्याः उष्णविषयः अभवत् ज्योतिष-प्रत्ययानां अनुसारं एषः सन्धिः साधारणः नास्ति, अपितु वर्षे एकवारं भवति महान् सन्धिः, यस्य प्रभावः व्यक्तिगतजीवनात् परं सामाजिक-आर्थिक-वैश्विक-घटनासु विस्तृतः भवति कमार्नुशासनस्य चिह्नं मकरराशिषु ग्रहसङ्ग्रहस्य अस्य सत्तायाः, शासनस्य, निर्णयप्रक्रियायाः च गहनः प्रभावः भवति इति मन्यते।

अद्य प्रातः आरभ्य सामाजिकमाध्यममञ्चेषु अस्य पञ्चग्रहसन्धिविषये चर्चाः प्रचलन्ति। ट्विट्ट-रेडिट्-इत्यत्र ज्योतिषिणः एतत् युगपरिवर्तनस्य चिह्नम् इति वदन्ति, यदा तु सामान्यजनाः गतरात्रौ स्वभावनासु चिन्तनेषु च अप्रत्याशितपरिवर्तनस्य अनुभवस्य अनुभवान् साझां कुर्वन्ति। अस्मिन् संयोगे मंगलग्रहः सर्वाधिकं प्रभावशालिनः इति मन्यते, यतः सः सम्प्रति मकरराशिषु उन्नतः अस्ति। यदा मंगलस्य ऊर्जा सूर्यस्य तेजः, शुक्रस्य सौम्यता, बुधस्य बौद्धिकक्षमता च सह मिलति तदा सा परिवर्तनकारीशक्तेः प्रतीकं भवति। ज्योतिषिणः वदन्ति यत् एतादृशाः संयोगाः ऐतिहासिकरूपेण प्रमुखराजनैतिकनिर्णयैः, आर्थिक-उत्थान-अवस्थाभिः, सामाजिक-आन्दोलनैः च सह सम्बद्धाः सन्ति। ज्योतिषीयगणनानुसारम् अस्य पञ्चाग्रहीयोगस्य वृषभ, मिथुन, मकर राशि च सर्वाधिकं सकारात्मकः प्रभावः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : नए लोगों पर आपको आसानी से भरोसा नहीं करना है। आपको इस समय रिएक्शन को लेकर लॉजिक रखने चाहिए।

**वृषभ** : इस समय इनकम में भी बढ़ोत्तरी होने कीसंभावना है। यात्रा करने और मित्रों के साथ आनंद लेने के मौके मिल सकते हैं।

**मिथुन** : आर्थिक मामलों को लेकर इस समय सलाहकारों से सलाह लें। आपके सोशल नेटवर्क से आपके पर्सनल संबंध सुधरेंगे।

**कर्क** : आपकी लीडरशिप में सुधार होगा। आपने जो काम पहले से सोच रखे थे, वो पूरे होंगे। आप कॉम्पिटीशन में सफल होंगे।

**सिंह** : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के सदस्यों की सलाह और उनकी गइ पर ध्यान दें।

**कन्या** : चर्चाओं और संवादों में आपका प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार प्रभावशाली होगा। जिम्मेदार लोगों से सलाह लें।

**तुला** : सलाह मानने से चीजें सही होंगी। अपनों का सहयोग जारी रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों पर भरोसा बनाए रखें।

**वृश्चिक** :बैठकें सफल रहेंगी। आप प्रियजनों के साथ प्रभावशाली संवाद बनाए रखेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु** : करियर और बिजनेस में आपके असर पड़ सकता है। अपनी अलग-अलग प्लानिंग को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाएं।

**मकर** : परिवार मनोबल बढ़ाएगा। साहस के साथ काम करें।मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ** : परिवार में सही राह खोजने के लिए विवेक और धैर्य का इस्तेमाल करें। शत्रुओं की साजिशों से सावधान रहें।


**मीन** : आप सबके साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे। प्रदर्शन में उत्साह और जोश बढ़ेगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# मकर राशि में बनेगा पंचग्रही राजयोग, इन 3 राशि वालों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

मकर राशि में पंचग्रही राजयोग बन रहा है, जो इन तीन राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहेगा। इन जातकों को नौकरी, व्यापार और रिश्तों में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आइए इनके नाम जानते हैं।

ज्योतिषियों के मुताबिक, वर्तमान में मकर राशि में ग्रहों का दुर्लभ संयोग बना हुआ है। यहां ग्रहों के राजकुमार बुध, सेनापति मंगल, विलासिता और प्रेम के कारक शुक्र तथा ग्रहों के राजा सूर्य विराजमान हैं। इन चारों ग्रहों की युति से चतुर्ग्रही योग बन रहा है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ और प्रभावशाली माना जाता है। अब वहीं18 जनवरी को शाम 04 बजकर 40 मिनट पर मकर में चंद्रमा भी प्रवेश कर चुके



हैं। चंद्रमा के इस गोचर से शनि की राशि मकर में पंचग्रही राजयोग का निर्माण होगा। यह दुर्लभ संयोग कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

### कर्क राशि

- कर्क राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है।
- व्यवसाय को आगे बढ़ाने की कोशिशें सफल होंगी।
- नए लोगों से आप जुड़ेंगे और चारों ओर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।
- ससुराल पक्ष की तरफ से विशेष सुख-सहयोग की प्राप्ति होगी।
- करियर-कारोबार के लिए की गई मेहनत रंग लाएगी।
- व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी यह समय अनुकूल रहने वाला है।

### सिंह राशि

- लव लाइफ शानदार बनी रहेगी।
- निवेश से लाभ होगा और किसी कार्य में आ रही बाधा दूर होने पर आपको सुकून मिलेगा।
- किसी नई जगह पर घूमने का प्लान बनाएंगे।
- पिता की तरफ से आपको अपेक्षित समर्थन मिलता रहेगा।
- परिवार के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे।
- आप बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में कामयाब होंगे।
- छात्र वर्ग के लिए अत्यंत ही शुभ रहने वाला है।

### मकर राशि

- छात्र वर्ग को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- प्रिय सदस्य से जुड़ी अच्छी खबर सुनने पर मन प्रसन्न रहेगा।
- करियर को लेकर सभी चिंताएं दूर होती हुई नजर आएंगी।
- संपत्ति आदि खरीदने के योग बन रहे हैं।
- आय के स्रोतों में वृद्धि देखने को मिल सकती है।
- करियर-कारोबार में बेहतर अवसर मिलने के योग हैं।
- जीवनसाथी के साथ किसी तीर्थ स्थान पर जाने का योग बनेगा।

## खबर एक नजर...

### ग्राम पाट में 2 पक्षों के युवकों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम पाट में पुलिया के पास 2 पक्षों के युवकों में विवाद हो गया। दोनों ओर से जमकर मारपीट की गई। मामला थाना पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पाट में रहने वाला मुकेश राठौर किराना दुकान संचालित करता है। वहीं राम राजपूत ग्राम गुणाखेड़ी का रहने वाला है। दोनों के बीच किराना सामान के पैसे ज्यादा लेने की बात पर विवाद हुआ था। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों ने अपने साथियों को बुला लिया और मारपीट की। दोनों पक्षों की ओर से चार से पांच युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### लेनदेन की बात पर बुजुर्ग के साथ मारपीट

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम लोध में रहने वाले 50 वर्षीय देवनारायण पिता कन्हैयालाल राठौर के साथ महिदुपर नाका पर कैलाश ने मारपीट की। दोनों के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। देवनारायण के घायल होने पर पुलिस ने पुत्र अजय राठौर की शिकायत पर कैलाश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कैलाश महिदपुर नाका पर किराना दुकान चलता है। देवनारायण ने उधार किराना सामान लिया था। जिसके रुपए काफी दिनों से बकाया चल रहे थे। बकाया रूपयों को लेकर ही मारपीट होना सामने आया है। फिलहाल घायल को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान दर्ज कर कैलाश की गिरफ्तारी की जायेगी।

### रास्ते को लेकर 2 खेत मालिकों के बीच हुआ झगड़ा

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ग्राम जांदला नदी के किनारे अमजद पिता अनवर पटेल निवासी खजराना इंदौर और सलीम पिता अंसार पटेल निवासी जांदला के खेत पास-पास है। दोनों के बीच रास्ते की बात पर लेकर बीती शाम विवाद हो गया। विवाद में दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये। नौबत मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गई। गांव वालों ने दोनों के बीच हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। दोनों शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, जहां एक-दूसरे पर रास्ता रोकने का आरोप-प्रत्यारोप करने लगे। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

### कर्ज से परेशान होकर लगाई थी युवक ने फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड मंयक परिसर में रहने वाले कुंवर पाल पिता सुखनलाल 32 साल ने शनिवार रात फांसी लगा ली थी। रविवार को पंवासा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान भाई बबलू ने बताया कि कुंवर पाल मिस्त्री का काम करता था। वह कर्ज से परेशान चल रहा था। उसने कार भी फायनेंस कर ली थी, जिसकी किश्त नहीं भर पा रहा था। घर में पत्नी से भी विवाद हुआ था। 10 दिन पहले कुंवर की पत्नी मायके गुना चली गई थी। वह शराब पीता था। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मां गुलाबबाई कमरे में पहुंची तो कुंवर को फंदे पर लटका देखा था। भाई का कहना था कि संभवतः कर्ज से परेशान होकर फांसी लगाई है।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

**उज्जैन।** उदूर्पुरा में रहने वाली भारती पति शेखर 35 वर्ष को शनिवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वह सात माह की गर्भवती थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन कुछ देर बाद मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। उसके गर्भ में शिशु की भी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि भारती का एक बेटा भी है, वह दूसरी बार गर्भवती हुई थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

3 7 0

### फिर हुआ हादसा, मैकेनिक का चायना डोर से कटा गला

# इंदिरानगर चौराहा पर हुई घटना, लगाने पड़े 20 टांके

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रतिबंधित जानलेवा चाइना डोर का कहर मकर संक्रांति बीत जाने के बाद भी जारी है। रविवार को बाइक सवार मैकेनिक का गला कट गया। उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां 20 टांके लगाये गये है। डॉक्टरों की निगरानी में उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

कमल कालोनी में रहने वाले सुरेन्द्र पिता भारतसिंह जयसवाल 52 साल मैकेनिक है और आगररोड पर गैरेज संचालित करते है। रविवार शाम वह ससुराल पक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बाइक से निकले थे। इंदिरानगर चौराहा पर अचानक चाइना डोर गले में उलझ गई। गला बुरी तरह कट गया था, बावजूद वह खून से लथपथ अपनी पत्नी की बहन के घर तक पहुंचे। जहां से परिवार उन्हे चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने हालत देख तत्काल ऑपरेशन थियेटर में शिफ्ट किया। जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर 20 टांके लगाये। खून अधिक बहने पर डॉक्टरों ने उन्हे निगरानी में आईसीयू में भर्ती किया है। आगर रोड पर चाइना डोर का चौथा बड़ा हादसा सामने आया है। 14 जनवरी को आगर नाके पर रतलाम के मजदूर अंतर बंजार का गला कटा था। 20 दिसंबर को झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया धूमा में रहने वाले एग्रीकल्चर के छात्र योगेश आंजना का गला कट गया था। जिसे एक दर्जन के लगभग टांके लगाना पड़े थे। 27 दिसंबर को इंदिरानगर में हलवाई का काम करने वाले तुलसीराम राठौर का गला और नाक कटी थी। अब फिर से इंदिरानगर चौराहा पर मैकेनिक सुरेन्द्र जयसवाल के साथ हादसा हुआ है। ऐसा नही है कि चिमनगंज थाना पुलिस ने चाइना डोर को लेकर अभियान नहीं चलाया। सबसे अधिक चाइना डोर चिमनगंज थाना क्षेत्र में ही इस बार पकड़ी गई। बावजूद चार बड़े हादसे थाना क्षेत्र में सामने आये है।




#### लालपुल और जयसिंहपुरा में हुई थी घटना

चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा होने और पुलिस की लगातार सर्चिंग के बाद भी कई हादसे होना सामने आये। 31 दिसंबर को जयसिंहपुरा में प्रेम पिता तिलक निवासी राजीव रत्न कालोनी का गला कटा था। 4 जनवरी को लालपुल पर विनय तिवारी निवासी जीरापुर का गला बुरी तरह कटा था। इससे पहले 7 दिसंबर को घासमंडी ब्रिज पर विपुल महिवाल का गला कट चुका था। बाइक सवारों के साथ हुई घटना के साथ 2 महिलाओं के पैर भी चाइना डोर उलझने पर कटे थे। जिसमें फाजलपुरा की रहने वाली सीमा पति भीमराम गंभीर घायल हुई थी।

#### अब भी जारी है पतंगबाजी का दौर

मकर संक्रांति का पर्व बीते चार दिन हो चुके है, लेकिन अब भी शहर में पतंगबाजी हो रही है। दोपहर बाद आसमान में पतंगे उड़ान भरती दिखाई दे रही है। पुलिस भी सर्चिंग अभियान भी अब थम चुका है। जिसके चलते जान के दुश्मनों द्वारा बेखोफ होकर प्रतिबंधित डोर से पतंगबाजी की जा रही है। पुलिस को नजर रखने की जरूरत है वहीं अगले साल प्रतिबंधित डोर के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियान में सख्त एक्शन लेना होगा।

## आजमगढ़ में कुएं से निकाली माकडोन के युवक की लाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ में कुएं से उज्जैन जिले के माकडोन में रहने वाले युवक की लाश निकाली गई है। 16 जनवरी की शाम आजमगढ़ कोतवाली पुलिस को उसके गिरने की सूचना मिली थी। मृतक युवक अपने साथियों के साथ था। परिजन सूचना मिलने के बाद आजमगढ़ पहुंच गये थे।

माकड़ोन में रहने वाला नागर ब्राह्मण समाज का रोहित पिता मनोहर शर्मा 35 साल प्याज का व्यवसाय करता था। वह अपने साथियों के साथ कार से व्यवसाय के सिलसिले में उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ गया था। 16 जनवरी की शाम आजमगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस मार्ग पर उसने कार रूकवाई और टायलेट करने की बात कहीं। वह कार से उतरा और सड़क किनारे झाडियों में गया, लेकिन वापस नहीं लौटा, कुछ देर बाद झाडियों के पास कुएं से बचाव-बचाव की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन कुआं काफी पुराना और गहरा था, उसे बाहर निकालने के प्रयास किये जाते उससे पहले वह गहराई में चला गया था। आजमगढ़ चौकी एसआई अखिलेश नारायणसिंह ने बताया कि युवक के गिरने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। उसके साथियों ने बताया कि मह-बलिया से लौट रहे थे, टायलेट का बोलकर कार से उतारा था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। एसआई के अनुसार कुएं में गिरे युवक की तलाश शुरू की गई लेकिन अंधेरा होने पर तलाशी अभियान रोकना पड़ा। 17 जनवरी की सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई और कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। चौकी एसआई के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये है। जिसमें वह कार से उतारकर पैदल अकेला जाता दिखाई दे रहा है।

## देवासरोड पर हुई दुर्घटना, महाराष्ट्र के 4 युवक घायल

### दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार डंपर से भिड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाबा महाकाल के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार रविवार सुबह डंपर से भिड़ गई। दुर्घटना में महाराष्ट्र के चार श्रद्धालु युवक घायल हुए हैं। भिड़ंत के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया है।

महाराष्ट्र के रहने वाले दीपक पिता गोवर्धन नाथ, गणेश पिता सहाजी, सिद्धेश्वर पिता गणेश और संदीप पिता साहेब राव एक अन्य दोस्त के साथ शनिवार को कार क्रमांक एमएच 26 ए के 3893 में सवार होकर उज्जैन बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। सोमवार तड़के दर्शन के बाद पांचो दोस्त कार में सवार होकर सीहोर जाने के लिए निकले। देवासरोड पर नागझरी थाना क्षेत्र पेट्रोल पंप चौराहा पर अचानक सामने से आ रहे तेज गति डंपर से कार की भिड़ंत हो गई। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चार श्रद्धालु युवक घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल श्रद्धालुओं को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। एक को गंभीर चोट लगी थी जिसे उपचार के लिए भर्ती किया गया तीन का प्राथमिक उपचार किया गया है। चारों घायलों का एक साथी पूरी तरह से सुरक्षित था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद मौके से चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। जिसे जप्त कर लिया गया है चालक की तलाश की जा रही है। विदित हो कि पिछले कुछ महीनो से इंदौर रोड सिक्स लेन का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते देवास रोड पर यातायात काफी बढ़ गया है। पिछले ६ माह में यहां लगातार दुर्घटना होना सामने आ रहा है जिसमें कुछ लोगों की जान तक जा चुकी है। देवासरोड पर दो थानों नागझरी और नरवर की सीमा लगती है। दोनों थाना पुलिस के अनुसार देवास रोड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है मार्ग भी काफी अच्छा बना हुआ है जिसके चलते वाहन तेजगति से दौड़ रहे हैं। अधिकांश दुर्घटनाएं रफ्तार की वजह से होना सामने आ रहा है।




### नाबालिग को अगवा करने का बदला युवती का अपहरण कर लिया

# रातभर की तलाश के बाद पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पांच दिन पहले प्रेम प्रंसग के चलते लापता हुई नाबालिग के परिजनों ने उसे भगाकर ले जाने वाले युवक से बदला लेने के लिये शुक्रवार-शनिवार युवक की बहन का अपहरण कर लिया। नाबालिग के परिजन युवती को उसके घर के सामने से जबरदस्ती उठाकर वेन से ले गये। मामला पुलिस की संज्ञान में आया तो रातभर की तलाश के बाद युवती को महिदपुर सिटी से मुक्त करा लिया। कुछ अपहरण कताओं को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाली बंजारा समाज की 15 वर्षीय बालिका 12 जनवरी की शाम लापता हो गई थी। परिजनों ने तलाश शुरू की तो सामने आया कि बालिका को नजरपुर में रहने वाला विकास चंदेल (बंजारा) भगाकर ले गया है। बालिका के परिजनों ने मामले की शिकायत घट्टिया थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। पांच दिनों तक बालिका का पता नहीं चल पाने पर शनिवार रात नाबालिग के परिजन विकास चंदेल के घर पहुंचे। जहां उसकी 18 वर्षीय बहन घर के बाहर अलाव ताप रही थी। नाबालिग के परिजनों ने उसे जबरदस्ती अपनी वेन में बैठाया और अपहरण कर भाग निकले। काका के सामने युवती का अपहरण होने पर मामले की सूचना घट्टिया थाना पुलिस को दी गई। तत्काल थाना प्रभारी करण खोवाल टीम के साथ मौके पर जांच के लिये पहुंचे। इस दौरान अपहृत युवती के परिजनों ने बताया कि उसे चार से पांच लोग वेन में बैठाकर ले गये है। थाना प्रभारी ने एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावे, अल्केश डांगे, प्रधान आरक्षक शांतिलाल जाट, वीरपालसिंह, आरक्षक बद्रीलाल मालवीय, बनवारीलाल यादव, कमल मालवीय, दीपक यादव, राकेश मालवीय, महिला आरक्षक हेमलता बैरागी की 3 टीम बनाई और तलाश शुरू की। रातभर की तलाश के बाद सामने आया कि युवती का अपहरण करने वाली वेन महिदपुर सिटी से पांच किलोमीटर आगे लक्ष्मीपुरा गांव तक पहुंची है। तत्काल थाना प्रभारी खोवाल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। जहां से अपहृत युवती को दस्तयाब कर लिया गया, वहीं उसका अपहरण करने वालों को पीछा शुरू किया। जो बस में सवार होकर भागे थे। राघवी थाना क्षेत्र में बस को रोक पुलिस ने उसमें सवार एक महिला और 3 युवको को हिरासत में ले लिया। महिला नाबालिग की मां होना सामने आई है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वेन लक्ष्मीपुरा पहुंचने के बाद रवाना कर दी गई थी जिसकी बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है।




#### नाबालिग देवासगेट बस स्टेंड पर मिली

12 जनवरी को लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने रविवार को देवासगेट बस स्टेंड से दस्तयाब कर लिया। उसके साथ विकास चंदेल भी मिला। जिसे हिरासत में लेकर घट्टिया थाने ले जाया गया। जहां पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि पांच दिनों तक कहा रहे। नाबालिग के भी बयान दर्ज किये जा रहे है। जिसके आधार पर विकास चंदेल के खिलाफ दर्ज की गई अपहरण की धारा में इजाफा किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com